दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 25 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 482



## संक्षिप्त खबरें ।

### कांग्रेस बेलगावी में करेगी 'नव सत्याग्रह बैठक', 'जय बापू, जय भीम' रैली का भी होगा आयोजन



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 26 दिसंबर को होने वाली अपनी कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक को नव सत्याग्रह बैठक नाम दिया है तथा पार्टी 27 दिसंबर को जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली का आयोजन करेगी।

विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक कांग्रेस के बेलगावी अधिवेशन के 100 साल पूरे होने के मौके पर हो रही है। उस अधिवेशन में महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया था।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि इस कार्य समिति की बैठक को ₹नव सत्याग्रह बैठक₹ नाम दिया गया है। उन्होंने कहा, ₹विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक उसी स्थान पर हो रही है जहां महात्मा गांधी को अध्यक्ष चुना गया था।₹ उन्होंने कहा कि इस बैठक में करीब 200 नेता शामिल होंगे।

वेणुगोपाल के अनुसार, 26 दिसंबर को ढाई बजे ₹नव सत्याग्रह बैठक₹ शुरू होगी जिसमें दो प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली' का आयोजन 27 दिसंबर को किया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी की पृष्ठभूमि में इस रैली का नाम जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली नाम दिया गया है। कांग्रेस शाह की टिप्पणी के खिलाफ इन दिनों कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। वह इस सप्ताह को ₹आंबेडकर सम्मान सप्ताह₹ के रूप में मना रही है।

# भारत समेत दुनिया के कई देशों पर है कर्ज, अमेरिका का नाम है सबसे आगे, जानिए कौन से हैं ये देश

**लोक तंत्र की आवाज़**




**नई दिल्ली ।** वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टा) के हवाले से कर्ज वाले देशों की लिस्ट जारी की है. आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस लिस्ट में सबसे टॉप पर अमेरिका का नाम है यानी अमेरिका के ऊपर सबसे ज्यादा कर्ज हैं. वहीं इस लिस्ट में दूसरे और तीसरे नंबर पर चीन और जापान हैं.

दुनिया के कई देश कर्ज में फसे हुए हैं. इसमें दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमेरिका भी शामिल है. साथ में भारत भी शामिल है. दरअसल, वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टा) के हवाले से कर्ज वाले देशों की लिस्ट जारी की है. आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस लिस्ट में सबसे टॉप पर अमेरिका का नाम है यानी अमेरिका के ऊपर सबसे ज्यादा कर्ज हैं. वहीं इस लिस्ट में दूसरे और तीसरे नंबर पर चीन और जापान हैं।

**अमेरिका पर है सबसे ज्यादा कर्जः** वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पूरी दुनिया के देशों पर कुल मिलाकर 102 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है. इस कर्ज में सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका देश का है. अमेरिका पर पूरे 36 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है. यह कर्ज पूरे कर्ज का 34.6 प्रतिशत है।

**चीन और जापान है दूसरे और तीसरे नंबर परः** अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा कर्ज चीन पर है. चीन पर पूरे 14.69 ट्रिलियन का कर्ज है, जो पूरे कर्ज का 16.1 प्रतिशत है. इसके अलावा तीसरे स्थान पर जापान है, जिस पर कर्ज 10.80 ट्रिलियन डॉलर है. यह कुल कर्ज का 10 प्रतिशत है. इस लिस्ट में चौथा स्थान ब्रिटेन का है, जिस पर कुल 3.6 प्रतिशत का कर्ज है. इसके बाद लिस्ट में फ्रांस और इटली का नाम शामिल है।

**भारत पर है इतना कर्जः** भारत की बात करें तो भारत इस लिस्ट में 7वें स्थान पर है. भारत पर पूरे कर्ज का कुल 3.2 प्रतिशत हिस्सा है. इन देशों के अलावा इस लिस्ट में जर्मनी, ब्राजील, कनाडा जैसे देश भी शामिल हैं।

## किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की कभी भी हो सकती है मौत, डॉक्टर ने सरकार को चेताया



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 28वें दिन भी जारी है। वह पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर अनशन में बैठे हुए हैं। डॉक्टर सवैमान ने बताया कि किसान नेता डल्लेवाल की हालत काफी गंभीर है। उनकी कभी भी मौत हो सकती है। पंजाब सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबियत को लेकर कही गई बातों को डॉक्टर सवैमान ने गलत बताया है।

**रोज किया जा रहा रूटीन चेकअप :** डल्लेवाल की जांच कर रहे डॉक्टर सवैमान ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा जो कहा गया वह गलत है। हमारी टीम पिछले लंबे समय से उनकी तबीयत को लेकर नजर बनाए हुए है। हमारी टीम में हर तरह स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं, जो हर रोज उनका रूटीन चेकअप कर रहे हैं।

**आ सकता है हार्ट अटैकः** डॉक्टर सवैमान ने कहा, 'हमारा जो रूटीन चेक अप है, वो कहता है कि उनकी तबीयत नाजुक है। उन्हें कभी भी हार्ट अटैक आ सकता है और जान जा सकती है। सरकार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत को हल्के में नहीं लेना चाहिए।' इसके साथ ही डॉक्टर ने कहा, 'हम खुद डल्लेवाल से कहते हैं कि अनशन को जल्द ही तोड़ दो, लेकिन किसान नेता मानने को तैयार नहीं हैं।'

**डल्लेवाल का ध्यान रखना हमारी प्रियोरिटी– डीसी पटियाला :** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत जानने के लिए डीसी पटियाला प्रीति यादव उनके पास पहुंची। डल्लेवाल को देखने के बाद उन्होंने कहा, 'आज हम खनौरी बॉर्डर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल का हाल जाने पहुंचे। डल्लेवाल की सेहत का ध्यान रखना हमारे लिए सबसे पहली प्रियोरिटी है। इसको लेकर 24 घंटे मेडिकल टीम लगाई गई है। जहां उनकी लगातार जांच की जा रही है। उनको दवा लेने के लिए निवेदन किया गया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली 28 सीटों के लिए तय कर लिए गए हैं उम्मीदवारों के नाम

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है. 28 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं. मंगलवार (24 दिसंबर 2024) को कांग्रेस सीईसी की बैठक में कुल 35 सीटों पर चर्चा हुई. सूत्रों के मुताबिक सीएम आतिशी के सामने कांग्रेस ने कालका जी सीट से अलका लांबा का नाम तय किया है.इन नेताओं का नाम फाइनल– सूत्र

सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने सीमापुरी से राजेश लिलोठिया, जंगपुरा से फरहाद सूरी, मटिया महल से आसिम अहमद, बिजवासन से देवेंद्र सहरावत का नाम फाइनल किया है. आसिम अहमद खान और देवेंद्र सहरावत आम आदमी के पूर्व विधायक रह चुके हैं. दोनों नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस का दामन थामा था. आसिम अहमद खान को अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के आरोप में अपनी कैबिनेट से बेदखल किया था. देवेंद्र सहरावत पहले बीजेपी और फिर शिवसेना में भी रह चुके हैं।

**घोषणापत्र के लेकर हो चुकी है कांग्रेस की बैठकः** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों में कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती, इसे लेकर पार्टी बूथ लेवल पर काम करने में जुटी गई है. वहीं सोमवार (23 दिसंबर 2024) को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए घोषणा पत्र तैयार करने को लेकर दिल्ली कांग्रेस के नेताओं की बैठक हुई थी. बैठक के दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा, केवल वही वादे किए जाने चाहिए, जिन्हें पूरा किया जा सकें कांग्रेस केवल बातें करने में विश्वास नहीं रखती है।

दिल्ली में हुए पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक रहा, जिस वजह से कांग्रेस आलाकमान इस बार सीट बंटवारे और पार्टी के भीतर की नाराजगी पर खास नजर बनाया हुआ है. इसी के तहत राहुल गांधी 28 दिसंबर को उत्तरपूर्वी दिल्ली के सीमापुरी में सभा को संबोधित करेंगे. इस दौरान वो राहुल गांधी दिल्ली के दलित और मुस्लिम वोटरों को साधने की कोशिश करेंगे।

## आंबेडकर मुद्दे पर कांग्रेस पर पलटवार की तैयारी बीजेपी शासित राज्यों के सीएम करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई शाह कर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस लगातार भाजपा पर आरोप लगा रही है। अब भाजपा ने भी कांग्रेस को जवाब देने की तैयारी कर ली है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांग्रेस की पोल खोलेंगे। साथ ही संविधान निर्माता के अपमान के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरेंगे।

**देशभर में रैली कर रही कांग्रेसः** शाह ने पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान आंबेडकर पर बयान दिया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि शाह ने आंबेडकर का अपमान किया। इसके विरोध में कांग्रेस ने आंबेडकर सम्मान सप्ताह शुरू किया है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता देशभर में रैली और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे, ताकि आंबेडकर के योगदान को याद किया जा सके।

**भाजपा का पलटवारः** अब भाजपा ने भी कांग्रेस को इस मुद्दे पर जवाब देने की तैयारी की है। भाजपा शासित राज्यों के सीएम प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांग्रेस की ओर से किए गए डॉ. आंबेडकर के अपमान का मुद्दा उठाएंगे। सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा आंबेडकर का अपमान किया है और अब वह उनके योगदान को याद करने का नाटक कर रही है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शाह ने अपने भाषण में आंबेडकर का अपमान किया। लेकिन भाजपा का कहना है कि शाह ने ऐसा कुछ नहीं कहा था। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति करने के लिए आंबेडकर का नाम उछाल रही है।

### माफी मांगनी चाहिए

प्रसाद ने कहा, कांग्रेस को आंबेडकर के अपमान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। यह पार्टी पहले आंबेडकर के अपमान के लिए माफी मांगे, फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस करे। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग अब काफी समझदार हो गए हैं और कांग्रेस का यह प्रयास सफल नहीं होगा।

## भोपालः दो गुटों में चलीं तलवारें और फेंके गए पत्थर

**लोक तंत्र की आवाज़**

### झड़प में आधा दर्जन से ज्यादा घायल, बुलानी पड़ी फोर्स



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद इलाके में दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई। खुलेआम सड़कों पर तलवारें भी लहराई गईं। दो गुटों की झड़प में आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**चप्पे–चप्पे पर रखी जा रही नजर :** घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। माहौल को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। चप्पे–चप्पे पर नजर रखी जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

**दो दिन पहले आया था मारपीट का मामलाः** भोपाल के जहांगीराबाद में दो दिन पहले युवकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया था। उसके बाद से ही विवाद की स्थिति बनी है। पथराव की खबर लगते ही पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल को छावनी में तब्दील किया गया है। हालात अब नियंत्रण में हैं।

**शख्स ने सरदार पर किया हमलाः** मामला दो दिन पहले यानी 22 दिसंबर की शाम का है, जब एक विशेष समुदाय का शख्स तेज गति से गाड़ी लेकर सरदारों की गली से निकल रहा था। सरदारों से झड़प के दौरान शख्स ने सब्जी के ठेले से एक छोटी लकड़ी निकालकर हमला कर दिया। इस मामले में ।क्फ्रदर्ज हुई और अब आरोपी शख्स जेल में है।

### जमकर हुई पत्थरबाजी

बता दें कि जहांगीराबाद इलाके में इस जगह पुरानी गल्ला मंडी है, जहां पर सिख और विशेष समुदाय के लोग बहुत आयात में रहते हैं। दो दिन की लड़ाई के बाद आज सुबह सिख समुदाय के लोग इकट्ठे हुए और विशेष समुदाय के एक शख्स पर हमला बोल दिया। इस दौरान घरों पर पत्थरों और तलवारबाजी भी की गई। वहीं, अब पुलिस दोनों पक्षों पर कार्रवाई कर रही है। सीसीटीवी के जरिए तलवारबाजी और पथराव करने वाले लोगों को ढूंढ रही है। पुलिस ने कहा कि अब स्थिति नियंत्रण में है।

## दिल्लीः अलका लांबा होंगी कालकाजी से कांग्रेस उम्मीदवार! मुख्यमंत्री आतिशी को देंगी टक्कर

**लोक तंत्र की आवाज़**




**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले राजधानी में सभी बड़ी पार्टियां एक्टिव हो गई हैं। आम आदमी पार्टी ज्यादातर सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार चुकी है, तो बीजेपी के संभावित उम्मीदवारों की सूची भी सामने आ गई है। वहीं अब खबरों की मानें तो कांग्रेस भी दिल्ली चुनाव के लिए कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी कर सकती है।

**आतिशी को टक्कर देंगी अलका लांबाः** सूत्रों के हवाले से पता चला है कि कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में कई बड़े नामों का खुलासा होने की उम्मीद है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना को टक्कर देने के लिए कांग्रेस अलका लांबा को कालका जी से टिकट देने पर विचार कर रही है। इसके अलावा कांग्रेस रउ/रळ विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया को सीमापुरी से टिकट दे सकती है।

**किसको–कहां से मिल सकता है टिकट? :** खबरों की मानें तो आज शाम तक कांग्रेस पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। इस लिस्ट में अलका लांबा (कालका जी), आसिम अहमद (मटिया महल), फरहाद सूरी (जंगपुरा), राजेश लिलोठिया (सीमापुरी) और देवेंद्र सहरावत (बृजवासन) जैसे कई लोगों का नाम शामिल हो सकता है। हालांकि इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की जा सकती है।

## इमरान समर्थकों को पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने सुनाई सजा तो भड़का अमेरिका

**लोक तंत्र की आवाज़**



**सैन फ्रांसिस्को।** पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत द्वारा 25 पाकिस्तानी नागरिकों को सजा सुनाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए अमेरिका ने कहा कि इन अदालतों में न्यायिक स्वतंत्रता, पारदर्शिता और उचित प्रक्रिया की गारंटी का अभाव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, ''पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुए विरोध–प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को सजा सुनाए जाने से अमेरिका बेहद चिंतित है। इन सैन्य अदालतों में न्यायिक स्वतंत्रता, पारदर्शिता और उचित प्रक्रिया की गारंटी का अभाव है।

**ट्रंप के करीबी ने भी दी प्रतिक्रिया :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका, पाकिस्तानी अधिकारियों से पाकिस्तान के संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया के अधिकार का सम्मान करने का लगातार आह्वान करता आ रहा है।'' हालांकि, अमेरिका के नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक करीबी सहयोगी रिचर्ड ग्रेनेल ने कहा कि यह आह्वान देरी से किया गया है और कमजोर है। रिचर्ड ग्रेनेल ने कहा, ''आपने बहुत देरी कर दी। आपके आह्वान में वो जोर नहीं दिखता। इमरान खान को रिहा किया जाए।

**इमरान खान को रिहा करने का समय आ गया है :** ग्रेनेल ने 2020 में ट्रंप के अधीन राष्ट्रीय खुफिया विभाग के कार्यवाहक निदेशक के रूप में काम किया और वह 2018 से 2020 तक जर्मनी में अमेरिकी राजदूत भी रहे हैं। भारतीय–अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने इमरान खान की रिहाई को लेकर ग्रेनेल की मांग पर सहमति जताई। खन्ना ने कहा, ''मैं रिचर्ड ग्रेनेल से सहमत हूं।

## फिलीपींस उठाने जा रहा है वो कदम जो चीन को कर देगा बेदम, भड़का 'ड्रैगन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि फिलीपींस की ओर से मध्यम दूरी की मिसाइलों को तैनात करने की योजना एक भड़काऊ कदम होगा, जो क्षेत्र में तनाव को बढ़ाएगा। फिलीपींस के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने मनीला में संवाददाताओं को बताया कि सेना दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ तनाव के बीच देश की रक्षा के लिए मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने की योजना बना रही है। लेफ्टिनेंट जनरल रॉय गैलिडो ने बताया, ₹हां, योजनाएं हैं, बातचीत जारी है।

**इस मिसाइल से चीन है परेशान :** अमेरिका ने अप्रैल में उत्तरी फिलीपींस में अपनी मध्यम दूरी की मिसाइल 'टाइफून' तैनात की थी और दोनों देशों के सैनिक भारी हथियारों के संभावित उपयोग के लिए संयुक्त रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। चीन, फिलीपींस को अमेरिकी सैन्य सहायता दिए जाने का विरोध करता है और 'टाइफून' मिसाइल की तैनाती से विशेष रूप से चिंतित है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के शासन काल में अमेरिका ने चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद–प्रशांत में सैन्य गठबंधनों को मजबूत किया है, जिसमें ताइवान विवाद भी शामिल है।

**बढ़ेगी हथियारों की होड़ः** चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बताया कि फिलीपींस द्वारा हथियार की तैनाती भू–राजनीतिक टकराव और हथियारों की दौड़ को तेज करेगी। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, ₹यह उनके और पूरे दक्षिण पूर्व एशिया के इतिहास व लोगों के साथ–साथ क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गैरजिम्मेदाराना निर्णय है।₹ फिलीपींस की रक्षा योजना में उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा शामिल है, जो 200 समुद्री मील (370 किमी) तक फैला हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गरीब बेटियों के लिए सामूहिक विवाहः कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की अनूठी पहल



**गया।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा 19 फरवरी 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के तहत उन गरीब और असहाय परिवारों की बेटियों की शादी कराई जाएगी, जो आर्थिक कठिनाइयों के कारण उनका विवाह करने में असमर्थ हैं ।पंजीकरण की प्रक्रिया समिति के जिला प्रबंधक अयूब खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक लाभार्थियों को जिला परिषद कार्यालय में अपना पंजीकरण करवाना होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज के वंचित तबके को राहत प्रदान करने और उनके लिए बेहतर भविष्य बनाने के उद्देश्य से किया गया है। सफलता में सहयोगियों का योगदान सोसाइटी के कार्यक्रमों को प्रशासन और समाज के समर्पित अधिकारियों के सहयोग से सफल बनाया जाता है। इस बार भी, कार्यक्रम की सफलता के लिए एएसपी अभियान राहुल देव बड़ाइक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल और शहर थाना प्रभारी बृज कुमार को सम्मानित किया गया है ।इस संपर्क और जानकारी अयूब खान ने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित जानकारी और सहायता के लिए लाभार्थी उनके मोबाइल नंबर 7004362629 पर संपर्क कर सकते हैं ।तैयारियों में शामिल सदस्य कार्यक्रम की योजना और तैयारियों को अंतिम रूप देने के दौरान रंजीत कुमार, सद्दाम अंसारी, टिंकू तिवारी, मुकेश मेहता और प्रभाकर सिंह जैसे सदस्य उपस्थित रहे हैं।

### एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव ने की अधिवक्ताओं बीच डायरी का वितरण



**नवादा।** नव वर्ष आगमन के पूर्व नवादा एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन सिंह के सौजन्य से मंगलवार को न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं को कैलेंडर के साथ मुफ्त डायरी उपलब्ध कराई गई ।ताकि इस दयनंदिनी में वे अपने विधिक कार्यों को समाहित कर सके ।अधिवक्ताओं को प्रतिदिन अपने कार्यों से संबंधित डायरी में अंकित करना जरूरी होता है ।ताकि निश्चित तिथि को वे जरूरतमंदों की सेवा में समय पर न्यायालय कार्य संपादित कर सकें। एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि यह डायरी संगठन के रुपए से नहीं बल्कि मैं अपने व्यक्तिगत राशि से उपलब्ध करा कर वितरित कर रहा हूं। ताकि सभी अधिवक्ताओं को नए वर्ष की डायरी उपहार के रूप में मुफ्त मिल सके। उन्होंने कहा कि न्यायालय में क्रिसमस की छुट्टी होनी है ।इसके उपलक्ष्य में अधिवक्ताओं के बीच डायरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर नवादा जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अपर लोक आयोजन ईश्वरी प्रसाद शर्मा, डॉ साकेत बिहारी ,अनिल सिंह, अनिल कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### सिरदलाः पुलिस ने विभिन्न मामले में चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला पुलिस ने मारपीट के आरोपी चपरी गांव निवासी शनिचर प्रसाद के पुत्र विजय प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 456/24 प्राथमिकी 12-12- 24 को दर्ज है। सिरदला थाना कांड संख्या 61/24, 17-2- 24 नशीली पदार्थ उगने मामले में बैजनाथपुर बेलदरीया गांव निवासी बुन्देश्वर उर्फ सिद्धेश्वर चौहान के पुत्र मुरारी चौहान को घर से गिरफ्तार किया गया है। तथा पुलिस ने नवाबगंज गांव में छापेमारी कर शराब मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसका पहचान नवाबगंज गांव निवासी रामबालक प्रसाद के पुत्र 20 वर्षीय नकुल कुमार उर्फ निकेश कुमार तथा टिंकल कुमार उर्फ प्यार चौहान बताया गया है। उक्त चारों अभियुक्त को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

# नाला में डूबने से बालक की मौत, कोहराम

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखण्ड के बाघी बरडीहा पंचायत की बहेरा गांव में सोमवार की दोपहर बाद खेलने के क्रम में एक पांच वर्षीय बालक पाइन का नाला में गिर गया।बच्चों द्वारा शोर मचाने के बाद गांव के युवाओ ने पांच छह फीट गहरे नाला में घुसकर बालक को निकाला।परंतु तब तक बालक की मौत हो चुकी थी।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार स्व मनोज प्रसाद का छोटा पुत्र 05 वर्षीय सत्यम कुमार साथियों के संग गांव से पूरब देवी स्थान के नाले के समीप खेल रहा था।अचानक बच्चों द्वारा बालक के डूब जाने का शोर मचाया जाने लगा। तब गांव के युवाओ ने नाले से बालक को निकाला।मौके पर रहे एक ग्रामीण चिकित्सक ने बालक को मृत करार दिया। बताया गया कि बालक सत्यम तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता मनोज प्रसाद का दो बर्ष पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुका है। बालक की मौत बाद स्वजनों का रोरोकर बुरा हाल हो रहा है।सूचना बाद वारिसलीगंज थाना की पुलिस तथा एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच मामले की तहकीकात करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

## जाम से मुक्ति के लिए अतिक्रमण हटाने सड़क पर उतरे अधिकारी



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज बाजार के फुटपाथों को अतिक्रमणमुक्त करवाकर लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर सोमवार को स्थानीय नगर परिषद के अधिकारियों,सीओ तथा पुलिस बलो की सहायता से फुटपाथों पर अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया गया।इस क्रम में फुटपाथों पर सजी फल-सब्जी व अन्य दुकानों की तत्काल हटा दिया गया,परंतु अधिकारियों के जाते ही कुछ ही मिनट बाद पुन दुकाने सजते देखी गई।इस दौरान फुटपाथों का अतिक्रमण कर रखे 21 दुकानदारों से 7500 रुपये जुमानों वसूला गया। अभियान में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी,सीओ राजेश कुमार,कनीय अभियंता अरुण कुमार,एसआई पूजा कुमारी,सन्नी कुमार तथा वार्ड संख्या 9 के पार्षद प्रतिनिधि रूपेश कुमार के द्वारा नगर के जय प्रकाश बैंक से लेकर मुख्य बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन रोड के फुटपाथों पर हुए अतिक्रमण को हटवाया गया। अधिकारी द्वारा कहा गया कि अब से जिस व्यक्ति था दुकानदार द्वारा फुटपाथों का अतिक्रमण किया जाएगा,उसको हर दिन बार्ड सुपरवाइजर जुमार्ना का चालान काटेंगे।हालांकि, अधिकारियों की टीम के ओझल होते ही फुटपाथ पर पूर्व की तरह अतिक्रमण कर लिया गया। ज्ञात हो कि शहर का सबसे व्यस्त व प्रमुख जयप्रकाश चौक के पास फल सब्जी विक्रेताओं के साथ-साथ ई-रिक्शा तथा ठेला आदि का जमावड़ा लगा रहता है,जिस कारण वाहनों की आवाजाही से उक्त स्थान पर सुबह से शाम तक जाम की समस्या उत्पन्न होते रहती है।खासकर स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहे वाहन एवं एम्बुलेंस सहित आम लोगों को बाजार आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।बार-बार अतिक्रमण हटाने की योजना नप कार्यालय अभियान की तरह सिर्फ एक दिन चलाती है,लेकिन दूसरे दिन पुनः अतिक्रमण देखने को मिलता है। लोग कहते हैं कि जब तक बाजार जाने वाले बड़े वाहनों पर रोक सहित अलग बस पड़ाव एवं सब्जी मंडी नहीं बनती है,तब तक फुटपाथों का अतिक्रमण इसी हाल में रहेगा।इस संबंध में नप के कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी ने बताया कि तत्काल बाजार के फुटपाथों के अतिक्रमण को हटवा दिया गया है,अगर दुकानदारों द्वारा पुनः अतिक्रमण होता है,तथा संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर एवं वार्ड पार्षद इसकी निगरानी करते हुए,अतिक्रमणकारिओं से जुर्माना वसूल करेंगे।

## मीरचक गांव में गोलीबारी मामले में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज,एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मोसमा पंचायत के मीरचक गांव में रविवार की शाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी किये जाने से संबंधित दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।दोनों ओर से किए गए प्राथमिकी में 15 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के आरोपी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। निशांत कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में गांव के ही पंकज कुमार, नीतीश कुमार तथा रवि शंकर कुमार समेत 8 लोगों को आरोपी बनाया गया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि जब 5-6 साथियों के साथ शाम में तालाब की ओर से घर लौट रहा था,तभी आरोपियों द्वारा गाली-गलौज किए जाने के साथ गोलीवारी की गई। हालांकि,गोलीबारी में किसी को कोई नुकसान नहीं होने की बात कही गई है।इस मामले के नामजद आरोपी नीतीश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जबकि, दूसरे पक्ष के अवधेश प्रसाद की पत्नी कांति देवी द्वारा दिए गए आवेदन में गांव के ही प्रिय रंजन उर्फ टोनी,प्रमोद कुमार,शशी रंजन कुमार तथा पंकज कुमार उर्फ निर्मल कुमार समेत 7 लोगों को नामजद तथा 5-6 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।दर्ज मामले में पीड़िता ने कही है कि बीते शाम घर के पास बैठी थी,तभी सभी आरोपी घर के पास आकर पैक्स चुनाव के रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए गलत नियत से परेशान किया तथा जाते जाते सभी आरोपियों द्वारा गोलीबारी की गई।पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है।

## विहार प्रारंभिक शिक्षक संघ का स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

शेखपुरा में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा संघ का 19वां स्थापना दिवस संघर्ष दिवस के रूप में संस्कार पब्लिक स्कूल के निकट एक निजी सभागार में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया।जबकि मंच का संचालन जिलामहासचिवआमोद प्रियदर्शीने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ की गई कार्यक्रम की अध्यक्षीय संबोधन में राजेन्द्र यादव ने कहा कि संघ के संघर्ष के 19 वर्ष हमलोगों के लिए संकल्प से कम नहीं था।आज शिक्षक जिस भी मुकाम पर पहुंचे हैं वह संघ के संघर्ष एवं बलिदान का देन है। संघ के प्रधान सचिव आमोद प्रियदर्शी ने कहा शिक्षक आज शिक्षामित्र से राज्यकर्मी बनने तक के सफर तय करने में संघ की अहम भूमिका रही है बगैर संघ केआंदोलन के आज तक नियोजित शिक्षक को कुछ नहीं मिला पुनः जरूरत है आज संघर्ष दिवस पर संकल्प लेते हुए अपने शक्ति का एहसास सरकार को कराएं! कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिलाउपाध्यक्ष ललन जी,जिलासचिव मुकेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी,सदर प्रखंड अध्यक्ष सूर्यनारायन चौधरी,उपाध्यक्ष शिवदानी प्रसाद सचिव राजेश कुमार,कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार बरबीघा प्रखंडध्यक्ष अजीत कुमार,राज्यकारिणी सदस्य परिमल कुमार,कैलाश चौधरी,अरियरि प्रखंडध्यक्ष देवेन्द्र जी घाटकुसुम्भा प्रखंडध्यक्ष उदय शंकर जी,शिक्षक आमर्त्यसेन,जयभारती गहलौत,संजय कुमार,जय प्रकाश अनिरुध प्रसाद अनिता कुमारी,अरविन्द कुमार समेत दर्जनों शिक्षक ने भी संबोधित किया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय धराहरा में शिक्षा समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की ढोढा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय धराहरा में मंगलवार को विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रसाद ने की। बैठक में विद्यालय के शिक्षक के साथ ही शिक्षा सेवक विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रीना देवी, बाल संसद की प्रधानमंत्री मुस्कान कुमारी तथा पिरामल फाउंडेशन से गौरव ठाकुर और कुमार पवन शामिल हुए। बैठक में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षण गुणवत्ता और सामुदायिक सहयोग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय केवल प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसे सामूहिक प्रयासों से ही सुचारू रूप से चलाया जा सकता है। उन्होंने ग्रामवासियों को विद्यालय के प्रति जिम्मेदारी और सहभागिता का एहसास कराने पर बल दिया। यह भी चर्चा हुई कि समय के साथ समाज की जरूरतें बदल रही हैं, इसलिए बच्चों को आधुनिक और प्रासंगिक शिक्षा देना आवश्यक है। शिक्षा में तकनीकी संसाधनों के समावेश की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, ₹फूड लिटरेसी₹ की कमी को एक बड़ी समस्या के रूप में पहचाना गया और इसे सुधारने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील की गई। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए यह तय किया गया कि ग्राम पंचायत प्रबंधन टीम और गांव की युवा पीढ़ी को साथ लेकर पंचायत की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। युवाओं की सहभागिता से विद्यालय में नई ऊर्जा और रचनात्मकता लाई जाएगी, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी सदस्यों ने अपने विचार साझा किए। विद्यालय परिसर को सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए सुंदर गार्डन तैयार करने का सुझाव भी रखा गया।

## किसानों एवं ग्रामीण भारत की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया चौधरी चरणसिंह ने : मनिष पंकज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जयंती पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय में जयंती समारोह मनाया गया सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने नमन करते हुए कि कहा भारतीय राजनीति के एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने किसानों और ग्रामीण भारत की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। 23 दिसंबर, 1902 को उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में जन्मे चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके संघर्षशील और सादगीपूर्ण जीवन ने उन्हें किसानों का मसीहा बना दिया है।चौधरी चरण सिंह ने 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी। उन्होंने गरीब किसानों के कर्ज़ माफी और भूमि सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए। उनकी नीतियां कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए जानी जाती हैं।चौधरी चरण सिंह ने आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता को कम करना उनका प्रमुख लक्ष्य था। उन्होंने 'अंत्योदय' का नारा देकर समाज के सबसे गरीब वर्ग के उत्थान पर जोर दिया। उनकी ₹जमींदारी उन्मूलन अधिनियम और भूमि सुधार के प्रयासों ने भारतीय किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान करने के लिए हृदय से आभार। यह निर्णय देश के किसानों और गरीबों के प्रति उनकी सेवा और योगदान की सच्ची श्रद्धांजलि है। एक छोटे से कस्बा से आकर देश के प्रधानमंत्री पद का गौरव प्राप्त किया किसानों के उत्थान के लिए संघर्षील करते रहे जयंती पर उन्हें कहा कि उनकी नीतियां और दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने और न्यायपूर्ण व्यवस्था स्थापित करने के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है। जिससे समाज में समानता और विकास का संदेश फैलाया जा सके। नमन करने वालों में राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता राणा रणजीत सिंह संतोष ठाकुर दीपक पांडेय अनिल यादव अजय भट्टाचार्य, ललन कुमार प्रसादी कुमार,नीरज सिंह,धर्मेंद्र पांडे,हीरा यादव महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता इत्यादि।

## भारत के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति विरोधी वक्तव्य के संबंध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया

लोक तंत्र की आवाज



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ अस्पताल चौक स्थित केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति विरोधी वक्तव्य के संबंध में राष्ट्र-व्यपी के तहत बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना -प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव जनार्दन राम, जिला अध्यक्ष शंकर दास, जिला प्रभारी रामदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि हाल में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा संसद में अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान के मूल निर्माता एवं करोड़ एससी/ एसटी आदि बहुजनों के मसीहा प्रेरणा स्त्रोत व उध्दारक,परमपूज्य डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रति अमर्यादित एवं उपहासपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया गया है। यह न केवल अशोभनीय है बल्कि बाबा साहब के प्रति गहरी असंवेदनशील व जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है।इससे लेकर समाज के हर वर्ग के बीच भारी रोष व आक्रोश व्याप्त है।डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान का निर्माण कर देश को लोकतांत्रिक मूल्य प्रदान की इनका इस प्रकार का अपमान एवं अनादर किसी भी रूप में भारत के लोगों को स्वीकार्य नहीं है। भारत के गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता बाबा साहब के प्रति जो टिप्पणी दिए हैं इसके लिए सांसद एवं भारत के जनता के समक्ष माफी मांगे एवं गृह मंत्री पद से इस्तीफा दें। धरना में बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव उमेश पंडित आलोक कुमार राजेश रविदास रवीना रविदास भन्ते रतनलाल उर्फ राकेश कंचन बौद्ध नरेश रविदास सिद्धार्थ कुमार अरविंद रविदास हृदय सागर प्रशांत कुमार धनेश्वरी देवी पार्वती देवी शांति देवी गौरी देवी राजू रविदास आदि लोग शामिल हुए।

## तारा बाबू के पुण्यस्मृति दिवस पर समाजवादियों का जुटान वक्ताओं ने उनके संघर्ष गाथाओं से नई पीढ़ी को किया दीक्षित

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 24 दिसंबर।** स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी चिंतक तारा बाबू के 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्टेशन रोड स्थित उनके आवासीय परिसर में किया गया जिसकी अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार शर्मा ने की । श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण , पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। नरेंद्र कुमार शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में तारा बाबू के सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की संघर्ष गाथा को सामने रखा और उनकी विचार धारा को जन जन तक पहुँचाने जा दायित्व नई पीढ़ी के कंधे पर दिया । कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन तारा बाबू के दामाद और समर्पित समाजसेवी राजीव नयन ने किया जबकि संचालन सहयोग का दायित्व समाजसेवी शंभु विश्वकर्मा ने निभाया । उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए कई पुराने समाजवादियों ने एक से बढ़कर एक संस्मरण सुनाया और समाजवादी विचार को नई पीढ़ी में पैवस्त करने की कोशिश की । दीप प्रज्वलित करते हुए तारा बाबू की पौत्रवधु नेहा की आँखे नम हो गई और अपने नाना ससुर के संघर्ष गाथा सुनकर भाव विह्वल ही गई । मौके पर उनके समकालीन समाजवादी मनोहर पासवान , मो रहमान , इंजीनियर केवी प्रसाद , राधा आर्या , सुबोध कुमार , उदयशंकर शर्मा , हरीकृपाल , बिनोद कुमार , अशोक समदर्शी , अर्जुन प्रसाद जैसे वक्ताओं ने तारा बाबू के जीवन के अनमोल क्षण को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की । इसके अलावे तारा बाबू के चश्मोचिराग नाती सशक्त और सिद्धांत ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए नाना के पूण्य स्मृति को नमन किया ।

## नवादा में महाराजा बिजली पासी जयंती समारोह आज , तैयारी पुरी

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**
**नवादा ।** नवादा में पासी समाज के पुरोधा महाराजा बिजली पासी की जयंती धूमधाम बुधवार को मनाया जाएगा ,जिसकी तैयारी पुरी कर ली गयी है। इस जयंती समारोह में जिले भर के पासी समाज के नेता और सामाजिक लोग भाग लेंगे। महाराजा बिजली पासी जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक चन्दन कुमार चौधरी ने बताया कि हमलोग लगातार जनसम्पर्क कर सुसज्जित तरीके से समारोह करने जा रहे हैं। यह आयोजन जिले के रजौली प्रखंड के पावन धरती पर हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी इंटर विद्यालय रजौली में महाराजा बिजली पासी जयंती समारोह धुमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पासी समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से यह हमलोग अपने पासी समाज के साथ वर्ष 2021 से लगातार रजौली में जयंती मनाते आ रहे है। मौके पर मौजूद पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती ने कहा कि पासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे समाज में वीरांगना उदा देवी पासी, महाराजा लाखन पासी ,महाराजा बिजली पासी, जगलाल चौधरी,लक्ष्मण चौधरी ,मदारी पासी ,महाराजा सुहलदेव पासी आदि जैसे कई महापुरुषों ने जन्म लिए और देशहित के लिए काम किए। उनके बताए हुए पद चिन्हो पर चलते हुए चलने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे की समाज को जोड़ा जा सके। इस संगठन के सुमन चौधरी प्रदेश अध्यक्ष, अखिलेश सरदार चौधरी नवादा जिला अध्यक्ष, सत्येंद्र चौधरी रजौली प्रखंड अध्यक्ष के अलावे जयंती कार्यक्रम में नवादा से पासी समाज के कई सक्रिय नेता इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इस कार्यक्रम में पूजा कुमारी हिसुआ नगर परिषद मुख्य पार्षद, भाजपा नेता प्रो. सुरेंद्र चौधरी, निशा चौधरी उपाध्यक्ष जिला परिषद नवादा, बसंती देवी जिला परिषद सिरदला ,वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार ,पोस्टमास्टर राजेश्वर चौधरी ,पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार पेंटर ,नरेश चौधरी ,अभिषेक कुमार ,सुभाष चौधरी, शेरू चौधरी, उदय चौधरी, हनुमान भक्त नवल चौधरी, बिल्लू चौधरी साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के कई गणमान्य नेता उपस्थित होने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें ।

## बिजनौर आभास महासंघ और समता सैनिक दल का अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन



रिपोर्ट जसवीर सिंह

बिजनोर में संसद भवन में चल रहे शीत कालीन सत्र के दौरान डॉ अम्बेडकर साहब पर अमित शाह गृह मंत्री द्वारा अपमान जनक टिप्पणी करने के विरोध में आभास महासंघ मिशन 24 कैरेट (कांशीराम बहुजन मूवमेंट) और समता सैनिक दल ने संयुक्त रूप से मिलकर तहसील मुख्यालय चाँदपुर में डॉ अम्बेडकर चौक पर एकत्रित हो कर जुलूस की शक्ल में अमित शाह मुर्दाबाद के नारों के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए नेहरू मूर्ति से मेन बाजार के बीच से होते हुए तहसील परिसर पहुँचे कार्यक्रम का नेतृत्व मा अरविन्द केशरवाल जी राष्ट्रीय महासचिव आभास महासंघ ने किया . तहसील पहुँचकर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा ज्ञापन में अमित शाह. गृह मंत्री को कहा कि अगर अमित शाह के अन्दर जरा भी नैतिकता है तो देश के करोड़ों करोड़ लोगों से माफ़ी मांगे और राष्ट्रपति महोदया से माँग है कि अमित शाह को मंत्री पद से इस्तीफा लिया जाये क्योंकि भारत मे ही नहीं पूरी दुनिया मे डॉ अम्बेडकर के कार्यों से सामाजिक आर्थिक राजनीतिक परिवर्तन देखा जा सकता है और भारत मे नारी शक्ति, दलित, वंचित, आदिवासी, पिछड़े सामाज और अल्पसंख्यकों के जीवन मे क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है जो भारतीय संविधान के द्वारा सम्भव हो पाया है अन्यथा लोगों का जीवन नरक बनाहुआ था इस लिए था आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने और देश को राज्य समाजवादी लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को मजबूत आधर प्रदान किया इसलिए अम्बेडकर साहब किसी भगवान से कम नहीं है हमे बनावटी भगवानों पर विश्वास नहीं है, अमित शाह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाये और देश मे जो विरोध प्रदर्शन हो रहे है किसी भी जिले मे आन्दोलन करियो पर मुकदमा दर्ज ना किया जाये अन्यथा अमित शाह को भी षड्यंत्र में शामिल कर २ मुकदमा २ २३ कानून मे मुकद्दमा लिखा जाये. इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमे अरविंद केशरवाल, शिव चरण बौद्ध, धर्मपाल, रिंकू कुमार, शिव कुमार डॉ राम प्रसाद, लाला राजू, यादराम बौद्ध, अनुज कुमार, महेंद्र प्रताप, सत्य कुमार, कमल कुमार, शिव कुमार बौद्ध, अनिल कुमार, गंगा राम, राजेन्द्र आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छल ने थाना नहटौर में तैनात विवेचकों का किया निरीक्षण

रिपोर्ट रोहित कुमार

**बिजनौर।** नहटौर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छल ने थाना नहटौर में तैनात विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया। इस बैठक में अपराध और विवेचनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं को शीघ्र और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण और मामलों की तेजी से जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्होंने अधिकारियों को अनुशासन और तत्परता बनाए रखने पर बल दिया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों में कोतवाल धीरज सोलंकी इंस्पेक्टर क्राइम धीरेंद्र गंगवार एसएसआई कुलजीत सिंह कक्षा इंचार्ज अशोक मलिक एसआई जितेंद्र तोमर हरिप्रकाश और सरताज अहमद शामिल रहे।

# 02 लाख 50 हजार रुपया नगद बरामद



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया** । पुलिस अधीक्षक डॉ. ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर गौरव कुमार शर्मा के नेतृत्व में नगर कोतवाली पुलिस टीम को सफलता मिली है। अभियुक्तों के पास स 02 लाख 50 हजार रुपया नगद बरामद किया गया है। उप निरीक्षक गिरिजेश सिंह अपने टीम उप निरीक्षक धंनजय सिंह, कां. अभय प्रताप, अभिलेश पटेल व शास्वत पाण्डेय ने धारा 318(4)/316(2) बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त बजरंगी पटेल उर्फ गोलू पुत्र राजेश पटेल (निवासी जापलिनगंज थाना कोतवाली बलिया) व सोनू बिन्द पुत्र बिजेन्दर प्रसाद (निवासी जापलिनगंज थाना कोतवाली बलिया) को मालगोदाम रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर उक्त मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। ये है पूरा घटना बता दें कि नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आर्य समाज रोड स्थित केनरा बैंक की शाखा में शनिवार को पैसा जमा करने गए कपड़ा व्यापारी के मुनीब से साढ़े तीन लाख रुपए की उचक्कागिरी का मामला सामने आया था। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उचक्कों की तलाश शुरु कर दी। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कपड़ा व्यापारी जसवीर सिंह ने बताया था कि आर्य समाज रोड पर सरदार वस्त्रालय के नाम से उनकी दुकान है। 21 दिसम्बर को दुकान की बिक्री का पैसा जमा करने के लिए (केनरा बैंक, आर्य समाज रोड शाखा) पर मुनीब श्रीकिशुन गये थे। बैंक पर ही मुनीब से बजरंगी ऊर्फ गोलू पुत्र राजेश पटेल व सोनू बिन्द पुत्र बिजेन्द्र विन्द (निवासी जापलिनगंज) तथा दो अन्य लड़के मिले। मुनीब को भरमाकर चारों लड़कों ने पैसा जमा करने के लिए 3.50 लाख रुपए से भरा बैग ले लिये। लेकिन पैसा जमा करने की बजाय चारों युवक वैग लेकर बैंक से गायब हो गये। मुनीब बजरंगी उर्फ गोलू पुत्र राजेश पटेल के घर गया, लेकिन वह नहीं मिला। रविवार को कपड़ा व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

## बिजनौर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा क्रिसमस एवं नए साल के दृष्टिगत की गई छापेमार करवाई

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान

बिजनौर क्रिसमस एवं नए साल के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बिजनौर की टीम ने नहटौर, नूरपुर व बिजनौर शहर आदि में संचालित बेकरियों पर छापामार कार्यवाही की। बेकरी उत्पाद जैसे केक, क्रीमरोल, पाव, बिस्किट, मैदा, टोस्ट, रस्क आदि के नमूना संग्रहण कर जांच को भेजे गए। सहायक आयुक्त खाद नादिर अली ने बताया कि बेकरी



प्रतिष्ठानो में तैयार किये जा रहे केक, पॉव, बिस्किट, मैदा, टोस्ट, रस्क, लडडू, व क्रीमरोल आदि की गुणवत्ता जांच हेतु प्रतिष्ठानों से कुल 13 नमूने संग्रहित किये गये। सभी प्रतिष्ठानो की साफ-सफाई के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। इस दौरान सभी खाद्य कारोबारियों को एवं उपस्थित जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान व मिलावट को रोकने के लिए जागरूक किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह के नेतृत्व में गठित सचल दल टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार, अनिल कुमार, शम्भू दयाल, डीके वर्मा, अनिल कुमार, रेनू सिंह एवं अनुपम यादव आदि शामिल रहे।

## बिजनौर के हीमपुर दीपा में 21 वर्षीय युवक का पेड़ से लटका मिला शव



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान

बिजनौर थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम मारूफपुर के जंगल में 21 वर्षीय अक्षय नाम के युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सहित चांदपुर सीओ और एसपी ग्रामीण ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं मौके पर उपस्थित फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाते हुए बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थानां क्षेत्र के ग्राम मारूफपुर निवासी कमलवीर सिंह का 21वर्षीय पुत्र अक्षय जनपद मुजफ्फरनगर में कम्पनी में कार्य करता था। परिजन बताते है कि वह दो दिन पूर्व कम्पनी से घर आया था और बीती कल सुबह से गायब था। आज सुबह उसकी लाश गाँव से बाहर खेत मे पेड़ से लटकी मिली। सूचना मिलते ही परिजनों ने खेत की ओर दौड़ लगा दी। पेड़ से लटकी लाश देख परिजनों की चीखपुकार निकल गई। वहीं सूचना स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस सहित चांदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह और एसपी ग्रामीण राम अर्ज भी फोरेंसिक टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से साक्ष्य जुटाकर पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने वार्ता में बताया कि शरीर पर कोई भी चोट का निशान जाहिर नही है। मृत्यु का सही का कारण जानने के लिए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को यज्ञ हवन कर दी श्रद्धांजलि



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

बिजनौर मंडावली देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 122 जयंती पर यज्ञ हवन कर दी श्रद्धांजलि। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता - चौधरी ईशम सिंह के आवास पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों के - मसीहा, भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती के अवसर पर पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा किए गए यज्ञ हवन में आहुति देकर तथा उनके चित्र के - सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर - अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ भाजपा नेता मा रमेश सिंह ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को 122 वीं जयन्ती पर श्रद्धा जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसान हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, डॉ रितेश सैन, युवी चौधरी, तनिष्का सिंह, सुमित गुर्जर, डॉ मयंक चौहान, जाहिद हुसैन, अनीस खान आदि कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सिकंदरपुर : आरएसएस गुरुकुल में क्रिसमस का जश्न

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**सिकंदरपुर /बलिय।** शिक्षा और सेवा को एक साथ जोड़ने वाले आरएसएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी एकेडमी, बंशीबाजार में क्रिसमस डे का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में आयोजित खास मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों माध्यम से क्रिसमस की खुशियां मनाईं और यीशु मसीह के जीवन से जुड़ी प्रेरणाओं को आत्मसात किया।कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रबंधक जय प्रताप सिंह 'गुड्डु और निदेशिका नीशु सिंह द्वारा यीशु मसीह के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालने वाले प्रेरणादायक भाषण से हुआ। जय प्रताप सिंह ने बच्चों को यीशु मसीह की करुणा, दया और मानवता के प्रति उनके प्रेम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने



कहा, ₹यीशु मसीह ने समाज को प्रेम और सेवा का संदेश दिया। हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।₹ विद्यालय के छात्रों ने इस अवसर पर नृत्य, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 'जिंगल बेल्स' की मधुर धुन और क्रिसमस ट्री के साथ सजे मंच ने माहौल को और भी खास बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटिका ने यीशु मसीह के जन्म और उनके संघर्षपूर्ण जीवन की झलक दिखाई। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें नैतिकता और परोपकार के महत्व को समझाया। इस अवसर पर जय प्रताप सिंह ने कहा ₹हमारा विद्यालय केवल शिक्षा नहीं देता, बल्कि जीवन मूल्यों को भी बच्चों के जीवन में उतारने का प्रयास करता है।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और केक काटने की रस्म के साथ हुआ। प्रबंधक जय प्रताप सिंह ने सभी बच्चों और शिक्षकों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दिन का संदेश है कि हम अपने जीवन में दूसरों की भलाई के लिए कार्य करें और समाज में प्रेम और सद्भाव फैलाएं। विद्यालय परिसर में इस उत्सव ने न केवल बच्चों को उत्साहित किया, बल्कि उनके दिलों में सेवा, करुणा और नैतिकता के महत्व को भी गहराई से बिठाया।

## चंदौली: गृहमंत्री के बयान पर गुस्साए एआइएसआइएम कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, अमित शाह के इस्तीफे की करी मांग, दिया ज्ञापन

लोक तंत्र की आवाज

**चंदौली।** एआईएमआईएम के ज़िलाध्यक्ष डा. अलाउद्दीन कादरी के नेतृत्व में मंगलवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डा. भीमराव आंबेडकर के प्रति दिए गए बायन के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर अविनाश कुमार को सौंपा। ज़िलाध्यक्ष डा. अलाउद्दीन कादरी ने कहा कि गृहमंत्री का यह वक्तव्य संसद की संवैधानिक मर्यादाओं, दायित्वों और अनुशासन के पूर्णता विपरीत है। बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर गृहमंत्री क्षमा मांगें अन्यथा अपने पद से इस्तीफा दें। ज्ञापन देने वालो में जिलाध्यक्ष डा अलाऊद्दीन क़ादरी, हाजी गुड्डू कटेसर, पूर्वांचल सचिव वसीम अहमद कादरी, सरवर



भाई, ज़िला उपाध्यक्ष ड. जकरिया अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष शेख़ मोहिउद्दीन, ज़िला मीडिया प्रभारी दीवान इमरान अहमद, अब्बास अली पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य, वकील मंसूरी हाफ़िज़ि शाहिद चकिया विधानसभा उपाध्यक्ष मिनहाज अहमद, नूर आलम, विधानसभा सकलडीहा सचिव आशिफ इक़बाल, इरफान अंसारी, युवा ज़िला कार्यकारिणी सदस्य अतहर जमाल हुमायूं शाह, इरफान शाह, अहमद अली, मु मौला अली, नवाब शाह और भी तमाम कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देखकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## बलिया : गोपियों के प्राणाधार थे मनमोहन

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**सिकन्दरपुर /बलिया ।** क्षेत्रीय ग्राम दुहा बिहरा स्थित मठ में आयोजित राजसूय महायज्ञ में गोरखनाथ-गोरखपुर से पधारे स्वामी रामदास महाराज ने व्यासपीठ से सुधी श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब व्रज में सर्वत्र कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा था खुशी में नन्द बाबा धन- धान्य लुटा रहे थे, लोग उन्हें बधाइयाँ दे रहे थे, शिशु का स्वस्तिवाचन और जातकर्म संस्कार हो रहा था, तभी नन्द जी को कन्स वार्षिक कर चुकाने की बात याद आयी। कन्स का आतंक फैल चुका था, वह ढूँढ-ढूँढ़कर नन्हें बच्चों को सफाया करने लगा था। उसने पुतना को भेजा। वह दूध पिलाने के बहाने कृष्ण को मारने के लिए स्तनों में विष लगा रक्खी थी किन्तु स्तनपान के बहाने लाला ने उसे मार डाला। ऐसे ही कन्स प्रेरित शकटासुर,





तृणावर्त आदि असुरों के। मारा। वसुदेव जी की प्रेरणा से गर्गाचार्य ने नन्द की गोशाला में कृष्ण बलराम का नामकरण किया। कन्हैया नित्य नयी-नयी लीलायें करते जिन्हें देखने के लिए देवता वृन्द भी लालायित रहते थे। एक दिन मैया की गोद में कन्हैया बैठे थे, मैया माखन बिलो रही थी कि दूध में उफान आ गया, मैया अपने लाला को गोद से उतार आग पर रखे दूध को बचाने दौड़ पड़ी, फिर तो लाला ने गुस्से में मटकी फोड़ दी यह सोचकर कि जब मैं नहीं जन्मा था तो मेरे लिए मनौतियाँ की अब में आ गया हूँ तो दूध ही मुझसे अधिक प्यारा हो गया। मैया ने लाला को ऊखल में बाँध दी। लाला ने एक ही झटके में यमलार्जुन वृक्ष धराशायी कर

शापित नल-कूबर को सद्गति दी। कृपा करने के लिए प्रभु एक बहाना ढूँढते हैं। बड़ा कहा कि मनमोहन तो गोपियों के प्राणाधार ही थे। व्रज की रज का ही महत्व है। ब्रह्माण्ड घाट स्नानाथ गये कन्हैया ने मिट्टी की एक डली उठकर खाली, शिकायत तो मैया ने लाला के कान कान पकड़ डॉटना शुरू किया। सफाई देते कन्हैया ने अपना मुँह खोल मैया को ब्रह्माण्डका दर्शन कराया। मैया ने लाला को ह्रदय से लगा लिया। ऐसे ही राम ने भी माता कौशल्या को विश्व ब्रह्माण्ड का दर्शन कराया था। भगवान अपने भक्तों पर कृपा तो करते हैं किन्तु उसका अनुभव अभय नहीं कर पाते। हमें प्रभु-कुपा पर विश्वास करना चाहिए। यज्ञस्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सबको समय से जलपान, भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# नगीना पुलिस के साथ हुई मुठभेड में तीन बदमाश गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना।** पुलिस ने गौवंश के वध का प्रयास करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से हथियार, कटान का समान, गौवंश, गाड़ी आदि बरामद हुए। आरोपियों ने पुलिस पर जानलेवा हमला भी किया जिसमें आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोली में दो लोग घायल हो गए। 21 दिसंबर की रात को थाना नगीना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा नगीना में नगीना से अकबराबाद रोड पर आम के बाग में तीन बदमाश प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं का वध करने वाले हैं। उक्त सूचना पर थाना नगीना पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुये बाग में पहुंची तो 03 व्यक्ति 02 गौवंशीय पशुओं को काटने के लिये गौवंशीय पशुओं के पैर व मुंह बांधते हुए दिखाई दिये। अभियुरुगणों द्वारा स्वयं को पुलिस की टीम से घिरा देखकर, पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त मौहम्मद अहमद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम दकिया पीरु थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद एवं अभियुक्त नईम पुत्र मौहम्मद अली निवासी ग्राम ढकिया पीरू थाना जनपद मुरादाबाद के पैर में गोली लगी, जिससे वे दोनों घायल हो गये, घायल दोनो अभियुक्तों व अभियुक्त बब्बू पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम पीपलसाना थाना भौजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। घायल दोनों अभियुक्तों को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभियुक्त मौहम्मद अहमद के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व तमंचे की नाल में फसा एक मिस कारतूस 315



बोर व अभियुक्त नईम के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर मय खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। घटनास्थल से पशु वध करने के उपकरण, एक महिन्द्रा बुलेरो कार नम्बर वअ0687696 व 02 जीवित गोवंशीय पशु (गाय) बरामद हुई। इस घटना के संबंध में थाना नगीना पर मु०अ०स० 348/2024 धारा 100 (1) बीएनएस धारा 3/25/27 शस्त्र अधिनियम व धारा 3/508 उ०प्र० गौवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधि डिलारी ानियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि ये तीनो मिलकर गांवों से गोवशीय पशुओं को खरीदने के बहाने से ऐसे घरों को चिन्हित कर लेते हैं और उसी दौरान रेकी कर लेते हैं तथा रात्रि में उन पशुओं को मौका देकखर चोरी कर लेते है। पशुओं को चोरी करने के बाद पशुओं को जंगल मे ले जाकर वध कर देते है तथा मांस को गाडी में भरकर, मांग के अनुसार अपने आस- पास के गांवो में जाकर ऊंचे दामों ने बेच देते है। इनके द्वारा 21᠎22 दिसंबर की रात्रि की कस्बा नगीना से दो गाय चुरायी गई थी तथा कुछ दिन पहले इन्होंने ग्राम काजीवाला से भी एक घर से दो भैंसे चुरायी थीं और उनको काटकर मांस बेच दिया था। उपरोक्त दोनों चोरी की घटनाओ के संबंध में थाना नगीना पर मुकदमें पंजीकृ त है तथा गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों पर कई कई आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान, उप निरीक्षक उदयवीर सिंह, उप निरीक्षक गजेन्द्र सिंह उज्जवल, मुख्य आरक्षी विपिन कुमार, आरक्षी राजेश कुमार, आरक्षी ललित कुमार, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह व आरक्षी रिंकू कुमार थाना नगीना रहे।

## नगीना खेल मैदान को सही कर कर शीघ्र ही किया जाएगा चालू: एसडीएम मांगेराम चौहान

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना।** एम एम इंटर कालेज के खेल का मैदान 25-30 वर्षों से खराब पड़े होने से नगीना में हॉकी का खेल भी तभी से ही बंद होने के कारण हॉकी के खिलाड़ी खेल से वंचित होकर रह गए हैं। पुराने हॉकी के खिलाड़ियों ने शनिवार को नगीना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को मैदान के खराब पड़े होने व हॉकी का खेल बंद पड़े होने के विषय में बताकर खेल के मैदान को ठीक कराने व मिनी स्टेडियम निर्माण कराकर हॉकी का खेल शुरू कराने की मांग की थी। जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान को हॉकी खिलाडियों की समस्या का समाधान कराने



की जिम्मेदारी सौंपी थी। एसडीएम नगीना ने अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए। सोमवार को दोपहर लगभग 12-30 बजे अपने वादे के अनुसार ? एस डी एम मांगेराम चौहान तहसील के लेखपाल सचिन कुमार के साथ एम एम इंटर कालेज के खेल के मैदान में निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने शाईनिंग हॉकी क्लब के अध्यक्ष लाला विनोद अग्रवाल, सचिव ए एच सिद्दीकी, पुराने हॉकी खिलाड़ी अरशद प्रिंस, सरदार शम्मसी, अशोक कुमार, डाक्टर मुस्तेहसन, अजय चौहान, सरदार जगजीत सिंह आदि के साथ मैदान का बड़ी बारीकी से निरीक्षण कर लेखपाल सचिन कुमार को निर्देश देकर मैदान के चारो के क्षेत्र फल की नपाई कर रिपोर्ट देने को कहा, एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान ने हॉकी के खिलाड़यों को आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्द ही मैदान को ठीक कराकर 25-30 वर्षों से बंद पड़े हॉकी के खेल को शुरू कराया जायेगा। यह सुनकर नये पुराने हॉकी के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हादसा टला, सहमे लोग,जाम से फंसी गाड़िया

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय



भागलपुर। भागलपुर विक्रमशिला सेतु पर मिनी हाईवा और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में मिनी हाईवा विक्रमशिला पुल पर रेलिंग को तोड़ते हुए चढ़ गया। गनीमत रही की नदी में मिनी हाईवा नहीं गिरा। वहीं घटना के बाद से जाम जैसी स्थिति बन गई। दुर्घटना इतना भयावह था की थोड़ी सी चूक की वजह से बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को रेलिंग से उतार लिया है। घटना के बाद से विक्रमशिला सेतु पांच घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भागलपुर के तरफ से जा रहे छर्री लदे ओवरलोड ट्रक ने मिनी हाईवे को सामने से टक्कर मार दिया। जिसके बाद मिनी हाईवा एक सौ मीटर दूर जाकर रेलिंग से जा टकराई। इसके बाद मिनी हाईवा रेलिंग में फस गई। वहीं विक्रमशिला सेतु के रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हुआ है। विक्रमशिला सेतु पर राहगीरों ने बताया कि हादसे में मिनी हाईवे के चालक गंभीर रूप से जख्मी है जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मौके पर ट्रक चालक छोड़कर ट्रक को फरार हो गए। सूत्रों के जानकारी के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में थी और ओवरलोड हो जाने के कारण अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद पूरा घटना हुआ। हालांकि मौके पर भागलपुर के ट्रैफिक पुलिस कर्मी पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहन को हटा लिया है।

### मारपीट में सात लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। भूमि विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में सात लोग घायल हो गए। घायलों में भरहोपुर गांव के राजेश प्रसाद महतो, घुरापाली गांव के युवराज कुमार सिंह, लगुनी गांव के राजेश्वर सिंह, खानपुर गांव के नागेन्द्र तिवारी, नीतीश कुमार तिवारी, रोशन कुमार तिवारी समेत सात लोग शामिल हैं। बताया जाता है कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

### कारोबारी को भेजा जेल, छह लीटर शराब बरामद



लोकतंत्र की आबाज

वारिसनगर/समस्तीपुर। थानाक्षेत्र से विती रात्रि वारिसनगर थाना पुलिस द्वारा शराब करोवरी राजिव रौशन उर्फ लभ कुमार पिता बिपिन कुमार राय ग्राम रहुआ थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर को 6 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्त मे लेते हुए माननीय उत्पाद न्यायालय सदर समस्तीपुर, उपस्थापन वास्ते उचितमार्गरक्षण मे भेजा गया। पुस्टि थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने क़ी है।

### साहेबगंज: पेसा दिवस पर सभी ग्राम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन





लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। पंचायती राज विभाग, रांची के निदेशानुसार पेसा दिवस के अवसर पर जिला, प्रखण्ड, ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक पंचायत के जनसंख्या के आधार पर सबसे बड़ी ग्राम सभा में कार्यक्रम किया गया। जिसमें पारम्परिक ग्राम सभा के पारम्परिक नेतृत्व से ग्राम प्रधान, मांझी, महतो, के अध्यक्षता में बैठक की गई। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं सामुदायिक संगठनों के सदस्यों का पारम्परिक ग्राम सभा को झारखण्ड पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) नियमावली, 2022 (औपबंधिक) की विस्तृत चर्चा की गई। मौके जिला परियोजना यूआइडीआई पदाधिकारी संदीप कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्या

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** प्रत्येक मंगलवार की भांति आज मंगलवार को विधायक कक्ष के प्रांगण में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्या सुनी। जनता दरबार में ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों ने अपनी अपनी समास्याओं को बरकत खान के समक्ष रखा, जिसमें मुख्य रूप से विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्याएं, पेंशन बंद हो जाने से संबंधित समस्याएं, बिजली बिल से संबंधित समस्याएं, राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं ,अबुआ आवास, अंबेडकर आवास एवं जमीनी संबंधित समस्याए सम्मिलित थे।

जिला अध्यक्ष बरकत खान ने सर्वप्रथम जनता दरबार में आए ग्रामीणों को क्रिसमस की अग्रिम बधाई दी । उसके पश्चात सभी समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं से संबंधित पदाधिकारियों से वार्तालाप कर समस्याओं का निबटारा करवाया। कुछ समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान करवाया एवं कुछ समस्याओं का यथाशीघ्र निदान करने का आग्रह किया गया। वहीं हेमा भगत एवं मुश्ताक मंसूरी ने समस्या का समाधान हो जाने पर बरकत खान को धन्यवाद दिया हेमा भगत ने बताया कि मैं ने राशन कार्ड का अप्लाई पिछले 1 साल पहले किया था जो अब तक लंबित था तब जाकर मैं जनता दरबार के माध्यम से इसकी जानकारी कुछ दिन पहले जिला अध्यक्ष बरकत खान को दी थी और अभी 16/12/24 को मेरा ग्रीन कार्ड बन गया इसलिए तहे दिल से मैं बरकत खान जी को धन्यवाद देती हूं वही मुश्ताक मंसूरी जी का वृद्धा पेंशन स्वीकृत हो जाने पर बरकत खान जी को धन्यवाद दिया ।






वहीं विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों का निस्वार्थ भावना से यथासंभव समस्याओं का निदान करना है। मौके पर अनंत लाल भगत, अनारुल खान, दाऊद शेख, राकेश शेख,आलमगीर, बिक्की कर्मकार, जाकिर हुसैन सहित क्षेत्र से आए ग्रामीण मौजूद थे।

# घर में घुसकर बदमाशों ने शिक्षिका को मारी गोली, मौत



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपूर।** दलसिंहसराय नगर थाना क्षेत्र के अजनौल पंचायत के वार्ड संख्या 4 के खोकसहा गांव में शिक्षिका के घर में घुसकर बदमाशो ने गोली मार कर हत्या कर दिया। घटना मंगलवार की अहले सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। मृतका शिक्षिका की पहचान खोकसाहा के अवनीश कुमार साह की पत्नी मनीषा कुमारी(24) के रूप में की गई है। मृतका शिक्षिका वर्ष 2023 में बीपीसीएसी द्वारा आयोजित टीईआर 2 में पास की थी। जिसकी पोस्टिंग सरायरंजन प्रखंड के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय मेनका में हुई थी। घटना को लेकर मृतका शिक्षिका का ससुर नरेश साह ने बताया कि वह घर में सो रहे थे।

मंगलवार की अहली सुबह 4 बजे के करीब पांच से छह की संख्या में आए लोगों ने बोला नरेश भैया है गेट खोलिए। जैसे ही मैने अलमुनियम से बनी गेट का लॉक खेला तो देखा कि एक के हाथ में हथियार था। जिसे देखकर में छत की ओर भागा। मेरी पत्नी सुनैना भी नीचे कमरे में छुप गई। बदमाश मेरे पीछे भागते हुए छत पर आ आ गया। शोर सुनकर मेरे बेटे अवनीश और बहु मनीषा ने कमरे का दरवाजा खोला जैसे ही में उसके कमरे में घुसा तो बदमाशो मेरे बेटे के ऊपर गोली चला दिया। मेरा बेटा नीचे बैठ गया। बेटे के पीछे खड़ी बहु मनीषा कुमारी के सर वही गोली जा लग गई। जिससे वह वही पर गिर गई। इसी दौरान सभी बदमाश भाग खड़े हुए। घटना को लेकर नरेश साह ने बताया कि उनका एक जमीनी विवाद चल रहा था। विवाद को लेकर मैने 20 दिसंबर को आवेदन को थाने में आवेदन दिया था। इधर घटना के जानकारी पर पहुँचे डीएसपी विवेक कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष राकेश कुमार रंजन जांच में जुट गए थे। इधर पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया जमीनी विवाद में गोली मारकर हत्या की बाते सामने आ रही है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर जाँच कर रही है।

### नपं के ईओ ने की पीएम आवास योजना की जांच

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज ने जिला प्रशासन के आदेश पर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच पड़ताल की। जांच-पड़ताल के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों में पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के चयन करने में सरकार के आदेशों व निर्देशों का अनुपालन नहीं किये जाने पर चिंता प्रकट किया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज ने आवास के निर्माण में बिलंब होने व गड़बड़ी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट किया। उन्होंने क्षेत्र के लाभुकों से आवास का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की बात कही। क्षेत्र में चर्चा है कि जांच पड़ताल के बाद सरकार के निर्देशों के अनुसार आवास के लिए लाभुकों का चयन नहीं होने पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उस पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद नगर पंचायत क्षेत्र के कुछ पार्षदों के बीच हड़कंप मच गया है।

# समस्तीपुर: स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से नव आगंतुक छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी उद्भव का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**

**पूसा/समस्तीपुर।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से नव आगंतुक छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी उद्भव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि छात्र जीवन का ध्येय उच्च अभिलाषाओं से बंधा होता है। छात्रों को चाहिए कि उसे पूरा करने के लिए वे अनुशासनबद्ध होकर पूरी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के उत्थान के लिए लगातार सक्रिय है। कई छात्र केंद्रित निर्णय लिये गये हैं और परिवर्तन किए गए हैं जिसका परिणाम है कि पिछले दो वर्षों में विश्वविद्यालय के छात्रों ने देश विदेश में नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों को विश्व प्रतिष्ठित इरेसमस मुंडस फेलोशिप भी मिला है। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्रों की अहम भूमिका होगी इसलिए छात्रों को अभी से जुट जाना चाहिए।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डीन डॉ मयंक राय ने कहा कि कुलपति छात्रों के समग्र विकास को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। छात्रों की पढ़ाई से लेकर हास्टल तक में वे स्वयं पहुंच कर सभी चीजों की जांच करते हैं और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हैं। इसी का परिणाम है कि पिछले दो वर्षों में छात्रों का रिजल्ट देश भर में चर्चा का विषय बना है। निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए दूसरा घर है। यहां के अनुशासन और व्यवस्था को बनाए रखना छात्रों की भी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी छात्रों की सहायता को तत्पर रहते हैं। छात्रों के सपनों को साकार करने में विश्वविद्यालय लगातार सक्रिय है।



- छात्र जीवन का ध्येय उच्च अभिलाषाओं से बंधा होता है, 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में छात्रों की अहम भूमिका होगी

कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के लिए रात्रि भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में डीन फिशरीज डॉ पी पी श्रीवास्तव, जलवायु अनुकूल कृषि के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ रत्नेश झा, डॉ एस के सिंह, डॉ सतीश सिंह, डॉ शंकर झा, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साहेबगंज: बीमा के तहत लाभुकों को मिला 2 लाख का चैक

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** जेएसएलपीएस एवं झांरखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक झिकटिया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बीपीएम मो फैज आलम और शाखा प्रबंधक चंदन कुमार के द्वारा सुशील रजवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का 2 लाख का चेक वितरण किया।

इस बैंक में कार्यरत बैंक सखी कुमारी सोहागनी के द्वारा बतलाया गया कि अंशू देवी जो ग्राम बटाईल,पंचायत बटाईल की रहने वाली है जो सूर्य आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हुई है।बैंक सखी के द्वारा अंशु देवी तथा उनके पति लाल मोहन महतो का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जागरूक करके करवाया गया तथा लाल मोहन महतो की मृत्यु के पश्चात इनका क्लेम का आवेदन तैयार करके बैंक में जमा किया गया।



शाखा प्रबंधक चंदन कुमार के द्वारा इनका क्लेम सेटलमेंट किया गया।2 लाख रुपये का राशि प्राप्त करके सुशील रजवार बैंक तथा जेएसएलपीएस को बहुत बहुत धन्यवाद दे रहे है कि इस कठिन घड़ी में आर्थिक सहयोग मिला तथा बड़हरवा प्रखंड के सभी परिवारो को बीमा करवाने के लिए आग्रह किया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक सम्यवक दाऊद टुडू,बैंक सखी कुमारी सोहागनी सहित अन्य उपस्थित थी।

# खानपुर बीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर पदाधिकारी कर्मी को किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

**दिलीपकुमार ठाकुर**

**खानपुर/समस्तीपुर।** प्रखंड मे मुख्यालय सभागार मे निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार चंद्रा द्वारा सम्पन्न हुए पैक्स निर्वाचन 2024 में सहयोग कर स्वतंत्र निष्पक्ष और शांति पूर्ण कार्य संपन्न कराने वास्ते पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य सीमित समयावधि में सभी कार्य करना होता है।

निर्वाचन टीम वर्क है और सबों के मिलकर कार्य करने से बेहतर तरीके से काम हो जाता है। उन्होंने कहा कि अच्छा उम्दा कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करना जरूरी है। इससे कर्मियों में कार्य दक्षता बढ़ती है और पूरे मनोयोग से भविष्य में कार्य करने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा इसी तरह भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रशस्ति प्राप्त करने वाले में राजस्व अधिकारी ऋषि कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी संजीव कुमार,पंचायत सचिव राज कुमार सिंह, शिक्षक लाल बाबू, ललित कुमार सिंह, ओम प्रकाश, रामप्रवेश राय, न्याय सचिव दिलीप कुमार राम, संजय कुमार, प्रधान सहायक धर्मवीर कुमार, प्रखंड समन्वयक शिवेंद्र कुमार शर्मा, आवास पर्यवेक्षक गोरे लाल कुमार, अंजनी कुमार, विकास कुमार, लेखपाल अजय कुमार आदि प्रमुख हैं। मौके पर प्रखंड और अंचल के दर्जनों कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# शिक्षकों ने संकल्प सभा सह संघर्ष दिवस मनाया

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मोहम्मद आसिफ अता**

**हाजीपुर (वैशाली)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रदेश इकाई पटना के निर्देश के आलोक में वैशाली जिला इकाई द्वारा 19 वां शिक्षक संघर्ष सह संकल्प दिवस का आयोजन कुशवाहा आश्रम हाजीपुर परिसर में किया गया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष उत्कल कांत ने 24 दिसंबर 2005 के शिक्षामित्र से लेकर वर्तमान समय में शिक्षकों की नियुक्ति व स्थिति एवं उसमें संघ की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया।



संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि किसी भी विभाग में संघ या संगठन सरकार को बुनियादी समस्या एवं समाधान का रास्ता दिखाता है,जहां संगठन की आवाज मंद पर जाए तो समझ लेना चाहिए की प्रगति की गाड़ी अपने उद्देश्य से भटक गई है चाहे ढ़ोल जितना पिटा जाए।उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर इंटरनेट से लेकर पदाधिकारियों तक की निगरानी कराई जा रही है,लगता है बिहार में शिक्षक बनना गुनाह है। किसी भी कारण से थोड़ी देरी हुई तो सजा तय है।सरकार के नियमावली के अनुरूप नियोजित शिक्षकों के 8 वर्षों पर स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति, 12 वर्षों पर कालबद्ध प्रोन्नति पर कुंडली मारकर बैठे पदाधिकारी पर सरकार की नजर भी है क्या या फिर शिक्षकों के साथ साजिश है।काम के दबाव तले दबे शिक्षक को राष्ट्रनिर्माता, सृजनकर्ता, प्रेरणास्रोत जैसे शब्द चुभने लगे हैं।शिक्षकों ने अपनी एकता और समस्या से उपजे असंतोष का संदेश सरकार को बखूबी दे दिया है।

बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने शपथ लिया कि संविधानिक दायरे में रहते हुए अपनी बात सरकार तक पहुंचाई जाए इसके लिए धरना,प्रदर्शन,अनशन या आंदोलन किया जाए।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उत्पल कांत एवं संचालन जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने किया।बैठक में कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष ललित दास,प्रखंड अध्यक्ष अशर्फी दास,योगेंद्र राय,वकील राय,राणा अभय कुमार,संयुक्त सचिव आनंद मोहन, प्रखंड सचिव अरुण कुमार,अमित कुमार,सत्येंद्र कुमार, संजीत कुमार,शाहनवाज अता,मोहम्मद अकबर अली,सुनील कुमार,संजीव कुमार,मुखिया अरुण कुमार,शेखर कुमार, संजय कुमार,विशिष्ट अतिथि के रूप में वैशाली सांसद प्रतिनिधि राम एक़बाल सिंह कुशवाहा,प्रदेश मध्यमिक शिक्षण संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बनफूल,वैशाली जिला कुशवाहा संघ के अंकेक्षक कैलाश प्रसाद सिंह,जिला उर्दू टीचर एसोसिएशन वैशाली के अध्यक्ष अजीमउद्दीन अंसारी के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बदल रही है प्यार की परिभाषा, प्यार जिस्म नहीं देखता है

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** समाज बदल रहा है, सोंच बदल रही है। सेक्स को लेकर धारणा बदल रही है। वहीं भागलपुर जिले के नवगछिया से एक अनोखी शादी की खबर इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जिले की एक महिला सिपाही ने एक अन्य महिला से प्रेम विवाह किया है।



सूत्रों के मुताबिक, यह महिला सिपाही नवगछिया पुलिस थाने में तैनात है और मूल रूप से समस्तीपुर जिले की रहने वाली है। बताया जाता है कि दोनों महिलाओं के बीच काफी समय से प्रेम संबंध था और अंततः उन्होंने शादी का फैसला लिया।इस शादी के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद से इस मामले ने काफी तूल पकड़ लिया है। हालांकि, स्थानीय पुलिस प्रशासन इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कुछ सूत्रों का यह भी कहना है कि यह शादी टूट गई है, लेकिन इस दावे की भी कोई पुष्टि नहीं हुई है।एक महिला पुलिसकर्मी ने एक अन्य महिला के साथ प्रेम विवाह किया है। इस विवाह का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है। हालांकि लोकतन्त्र की आवाज इस प्रकार के वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

क्षेत्र के पुलिस अधिकारी भी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। एक महिला से विवाह करने वाली लेडी कॉन्स्टेबल नवगछिया पुलिस थाने में तैनात हैं। यह सिपाही मूलतः समस्तीपुर जिले की निवासी हैं। जिनसे उन्होंने प्रेम विवाह किया है, वह महिला उनके गांव के निकट ही रहती हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे, जिसके बाद उन्होंने विवाह करने का निर्णय लिया। इस क्षेत्र में दो महिलाओं की शादी को लेकर काफी चर्चा हो रही है और लोग विभिन्न प्रकार की बातें कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले पर महिला सिपाही या पुलिस विभाग के किसी अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उनकी शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है।

बिहार में दो महिलाओं के विवाह जैसा मामला समाज के लिए नया है और इसीलिए यह चर्चा का विषय बना हुआ है। बहरहाल भारत में समलैंगिक संबंधों को अपराध नहीं माना जाता है, लेकिन विवाह को लेकर कानून स्पष्ट नहीं है। यह मामला समाज में विवाह और रिश्तों को लेकर चल रही बहस को फिर जिंदा कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः पुलिस छापेमारी में शराब बरामद, एक धंधेबाज गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ मोतिहारी
मोतिहारी/पताहीः पताही पुलिस ने अलग–अलग जगहों पर छापेमारी कर अंग्रेजी व नेपाली सोफिया शराब बरामद किया है। थाना पंचगछिया नायक टोला, नोनफ़रवा, गोनाही, समेत इन अलग अलग जगहों पर छापेमारी में पुलिस ने दो मोटरसाईकल व एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पताही थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुगापीपर गांव में छापेमारी कर 175 लीटर 500 ट' नेपाली सोफिया शराब व 06 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है।, थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार युवक सुगापीपर गांव निवासी राजेश सहनी, पिता रामदेव सहनी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपित शराब का कारोबारी कर रहा था। इसकी सूचना मिलते ही छापेमारी की कार्रवाई की गयी, गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि आगे भी शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा।

### मिला दुर्लभ हिमालयन प्रजाति का गिद्ध , वनकर्मियो ने किया रेस्क्यू



ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
गोलघर के समीप दुर्लभ हिमालयन प्रजाति का गिद्ध मिलने की सूचना पर वन विभाग टीम मौके पर पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर वनकर्मियो गिद्ध का रेस्क्यू किया। वीटीआर के पशु चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार टोनी अनुसार सर्दी की बजह से गिद्ध बीमार हो गया था। उड़ न पाने की दशा में पकड़ कर वन कार्यालय लाया गया।स्वाथ्य परीक्षण के लिए गिद्ध को रखा गया है।वन क्षेत्राधिकारी शिवकुमार राम ने बताया कि बीती शाम गोलघर के समीप गिद्ध होने की जानकारी मिली थी। टीम को भेजकर उसे रेस्क्यू गया है। पकड़ा गया गिद्ध किशोर अवस्था में है। इसको स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।जानकारी के मुताबिक गिद्ध को अत्यधिक संकटग्रस्त प्रजातियों की श्रेणी में रखा गया है। स्वस्थ होने पर इसके प्राकृतिक वास में छोड़ दिया जायेगा।

### चार जुआरियों को यूपी पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल



मधुबनी से सूरज यादव
पिपरासीः बिहार सीमा से सटे कुशीनगर जिला के जटहा बाजार पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। यूपी के जटहा बाजार थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि कुशीनगर एसपी संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार जुआरी पंडरी पिपरपाती निवासी अमरजीत गुप्ता, मंसाछापर निवासी आफताब आलम व इरशाद अंसारी तथा सोनवल गांव निवासी आत्मा यादव को गिरफ्तार 2950 रुपये के साथ किया गया है। इनकी तलाशी के दौरान 2500 रुपये बरामद किए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार जुआरियों को न्यायिक हिरासत में कुशीनगर भेज दिया गया है।

# बेतिया : बेतिया राज की जमीन पर तमाम बसावट/दुकान की जमीन पर कानूनी अधिकार को लेकर माले ने किया जन प्रतिरोध सभा

**दुनिया मे नियम है पहले लोग बसते है फिर उसके बाद कागज बनते हैं**




**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**
**बेतिया ।** राज की जमीन से उजाड़ने वाला काला कानून के खिलाफ नगरवासी हुए गोलबंद पचास हजार से अधिक लोगों को जीवन को तबाह करने वाले कानून में सुधार करें सरकार– वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता बेतिया राज की जमीन बसें सभी को लोगों को कानूनी अधिकार देना होगा– विधायक दूनिया मे नियम है पहले लोग बसते है फिर उसके बाद कागज बनते हैं. बिहार सरकार भी बेतिया राज की जमीन पर बसें लोगों को कागज दे– वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता बेतिया राज सम्बंधित काला कानून वापसी तक आंदोलन जारी रहेगा– वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता बेतिया, 24 दिसम्बर 2024 बिहार विधानसभा में भाजपा– नितीश सरकार द्वारा बेतिया राज की सम्पत्तियों को निहित करने वाला विधेयक 2024 दोनों सदनों से भाजपा– जदयू विधायकों ने मेज थप्प – थप्पाकर पास कर दिया गया था. जिसके खिलाफ बेतिया राज भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा और भाकपा माले रेड क्रॉस कैम्पस में जन प्रतिरोध सभा का आयोजित किया. सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बेतिया राज सम्बंधित जो काला कानून बना है उसे वापसी तक आंदोलन जारी रहेगा. आगे कहा कि दूनिया मे नियम है पहले लोग बसते है फिर उसके बाद कागज बनते हैं. बिहार भू काश्तकार अधिनियम 1885 आने के बाद ही दखल कब्जा के आधार पर बिहार लोगों के पास खाता खतियान बना था, इसलिए बिहार सरकार भी बेतिया राज की जमीन पर बसें लोगों को दखल कब्जा के आधार पर कानूनी अधिकार देआगे कहा कि भाजपा जदयू नेताओं द्वारा राज की जमीन पर से लोगों को उजाड़ कर जैविक पार्क और उधोग बनाने की बात कर रहे है. बस्तियों पर बुलडोजर चला कर तो कोई अम्बानी को देने की बात कर रहा है इन नेताओं को पहचानने की जरूरत है राजस्व मंत्री दिलीप जयसवाल द्वारा दिया जा रहा ब्यान पर विधायक ने कहा कि जो भी बातें मंत्री जी बोल रहे की लोगों को घबराने की जरूरत नही है सेटलमेंट हो जाएगा उसे कानून में शामिल करें क्यों की पचास हजार से अधिक लोगों को जीवन को तबाह करने वाला यह काला कानून है इसमें सुधार करना होगा माले नेता सुनील राव ने कहा कि बेतिया शहर के 80 ? भू– भाग पर बने घर/ मुहल्ला/ दुकान सभी अतिक्रमण का संज्ञा देकर हटाने की बात कानून कर रहीं. इस जन विरोधी कानून को भाजपा जदयू सरकार ने पास किया है, यह बेतिया के लोगों को अपमानित करने वाला कानून है, यह सरकार जनता को रोज रोज अपमान कर रहीं हैं, यहा तक की संसद भवन में अमित शाह ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी को अपमानित करने का काम किया. जनता सब का हिसाब लेगी. इंकलाबी नौजवान सभा जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि न्याय के जो प्रकृतिक नियम है. कि न्याय के लिए आप किसी भी न्यायालय में जा सकते हैं. इस अधिकार को आप कैसे रोक सकते हैं. यह कानून विस्थापित लोगों के पुनर्वास के सवाल पर चुप है. एक वाक्य में कहा जाए कि यह कानून संविधान के खिलाफ है तो कोई गलत नहीं होगा बेतिया राज भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि पहले से ही कानून है कि सरकारी जमीन पर 30 वर्षों तक रहने और अपना कब्जा प्रमाणित करने पर कानूनी हकदार हो जाता है जैसे कानून को भी ताख पर रख दिया गया है. यह कानून संविधान के मौलिक अधिकारों का खुला उलंघन करता है, यह कानून न्यायलय में जाने से रोकता है इस कानून को में बदलाव तक आंदोलन जारी रहेगा सभा को अधिवक्ता इम्तियाज साहब, आदित्य यादव, रानी तिवारी ने भी सम्बोधित किया, सभा की अध्यक्षता राजेन्द्र पाठक ने किया।

## बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण आरंभ



**लोक तंत्र की आवाज**

**दरभंगा ।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद दरभंगा के द्वारा चयनित उच्च विद्यालय व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सभी बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज से प्रथम चरण के विभिन्न विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण आरंभ किया गया।जिसमें मुख्य रूप से बहेड़ी प्रखंड के कमलपुर कटवासा हाईस्कूल, +2 शांति नायक उच्च विद्यालय में प्रशिक्षक मंजीत कुमार ,सहदेव यादव उच्च विद्यालय भच्छी उज्जैना , उच्च माध्यमिक विद्यालय सुसारी तुर्की व उच्च माध्यमिक विद्यालय अटही में प्रशिक्षक प्रशांत कुमार , बेनीपुर में रितु कुमारी, बिरौल में संतोषी कुमारी, हायाघाट में जितेंद्र कुमार सिंह, कुशेश्वरस्थान में नीतीश कुमार चौधरी, दरभंगा सदर में गुड्डू कुमार झा, सौरभ कुमार, रामवृक्ष यादव के निर्देशन में प्रशिक्षण आरंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा संबंधित जानकारी दी गई।कार्यक्रम को लेकर प्रतिक्रिया मार्शल आर्ट विशेषज्ञ व विश्व रिकॉर्ड होल्डर राजेश यादव ने इस कार्यक्रम के प्रति हर्ष जताते हुआ कहा कि इस तरह के कार्यक्रम को स्थाई रूप से चलने की जरूरत है। बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ सेल्फ डिफेंस की जानकारी होनी चाहिए। आज के समय में लगातार बालिकाओं के साथ घटना देखने को मिल रहा है। ऐसे में सेल्फ डिफेंस की जानकारी होना काफी लाभदायक साबित होगा।

## एक बार फिर राहुल बने भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष।



**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**
**बेतिया ।** मंगलवार को दिन एक बार फिर बेतिया ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष के रूप में राहुल चतुर्वेदी को बनाए जाने से जहां उनके समर्थकों में खुशी की लहर है वही इस संबंध में राहुल चतुर्वेदी कहा कि पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा और वफादारी का इनाम तो हर कार्यकर्ता मिलता है उनकी पूरी कोशिश रहेगी की ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि अनिल वर्मा, रमेश सिंह, अशोक शर्मा, विकास सिंह,वकिल महतो, रविंद्र कुशवाहा मुन्ना कुशवाहा सुमित शुक्ला सुशांत राय, संजय पासवान आदि रहे।

## अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन। भाकपा माले ने 9 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन बीडीओ को सौपा

**लोकतंत्र की आवाज**



**गौनाहा ।** प्रखण्ड भाकपा माले कार्यकर्ता द्वारा मंगलवार को अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले प्रखण्ड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर भाकपा माले कार्यकर्तायो द्वारा एक रैली निकाली गयी, जो प्रखंड मुख्यालय, थाना, बाजार, स्टेट बैंक चौक, ग्रामीण बैंक, रेफरल अस्पताल व अम्बेदक पार्क होते पुनः प्रखंड मुख्यालय पर पहुच कर एक सभा में तब्दील हो गयी। रैली मे केंद्र व बिहार सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की गयी। सभा की अध्यक्षता नंदकिशोर महतो ने की। इस मौके पर जिला भाकपा माले कमिटी सदस्य नंदकिशोर महतो, प्रखंड सचिव लालजी प्रसाद यादव, घनश्याम मुखिया, प्रसाद यादव व रामवृक्ष मांझी ने बीडीओ शिवजन्म राम को 9 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन भी सौपा ।उनके 9 सूत्री मांगों में प्रत्येक भूमिहीन गरीब व असहाय लोगो को 5.डी. बासगीत का जमीन उपलब्ध कराने, 95 लाख गरीब परिवारो को जिनकी मासिक आय 6 हज़ार से कम है। उन्हें 72 हजार रुपये का सालाना आय प्रमाण पत्र उपलब्ध करायी जाए, प्रति माह सामाजिक सुरक्षा पेंसन 3 हज़ार रुपये दिया जाए, 'महिला सम्मान योजना के तहत गरीब महिलाओं को 2500 रूपया प्रति माह दिया जाए, स्मार्ट मीटर पर रोक लगाई जाय तथा गरीबों को 200 यूनिट बिजली फ्री दिया जाए, मनरेगा मजदूरों को एक वर्ष में 200 दिन काम दिया जाए तथा उन्हें 600 रुपये दैनिक मज़दूरी दी जाए, माइक्रो फाइनेंस कम्पनी पर अंकुश लगाते हुए महिलाओं की माइक्रो फाइनेंस कम्पनी व जीविका द्वारा सभी तरह की कर्ज को माफ किया जाए, जीविका कैडर सहित रासोईया, आशा आदि कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जाए तथा दलित महादलित गरीब भूमिहीनों पर बढ़ती सामंती हमले पर रोक लगाते हुए हमलावरों पर शख्त करवाई की जाए। सभा को संबोधित करने वाले वक्तओं में रामवृक्ष मांझी, प्रसाद यादव, घनश्याम मुखिया, रामाज्ञा मांझी, कौशल्या देवी, कुमार मांझी, सर्वजीत राम, रामाशंकर महतो, कार्तिक मांझी, सरोज देवी, सोना देवी आदि शामिल थे। सभा का संचालन लालजी प्रसाद यादव के द्वारा की गयी।

# बगहा पुलिस सख्त:15 अभियुक्त गिरफ्तार,वाहन जांच के दौरान 1,15,000 रूपये का काटा गया चालान।

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** पुलिस जिला में विगत 24 घंटा में 15 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है, कुल–15, वारंट का निष्पादन किया गया हैं, जिसमें जमानतीय 06 तथा अजमानतीय 09 है।उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने मंगलवार को प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया। उन्होंने बताया कि बगहा थाना,चौतरवा थाना,बथवरिया थाना,रामनगर थाना,धनहा थाना,सेमरा थाना द्वारा पॉक्सो एक्ट,शराब के काण्ड तथा अन्य काण्ड में 15 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के क्रम में बगहा थाना द्वारा– 51,000, यातायात थाना द्वारा– 27,500, चौतरवा थाना द्वारा– 15,500,रामनगर थाना द्वारा– 12,000, धनहा थाना द्वारा–9,000, इस प्रकार कुल 1,15,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।उन्होंने बताया कि बगहा पुलिस जिला के सभी थाना अंतर्गत वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा,आपराधिक घटना की रोकथाम, यातायात नियमों का पालन की दृष्टिकोण से पुलिस पदाधिकारी,कर्मियों के द्वारा वाहनों, बैंकों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की विधिवत जाँच पड़ताल की गई साथ ही मंगलवार को बगहा पुलिस कार्यालय परिसर में एसपी द्वारा कई जन सुनवाई की गई एवं परिवादियों के शिकायतों का निस्तारण हेतु संबन्धित थाना के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देशित किया गया।

## मुन्ना सिंह को बनाया गया जदयू किसान सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
विमलेंदु सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को जदयू किसान व सहकारिता प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया।वही प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने 44 जिला संगठन में किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की घोषणा की है,जिसमें बगहा भी शामिल है।मनोनीत जिलाध्यक्ष को तत्काल ही जिला कार्यकारिणी एवं प्रखंडों में अध्यक्ष मनोनीत करने का निर्देश दिया गया है।मुन्ना सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष पार्टी के मूल संगठन के साथ मिलकर कार्य करेंगे।वे मूल संगठन के जिलाध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर किसान और सहकारिता प्रकोष्ठ संगठन को पंचायत और बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने में अपना भूमिका अदा करेंगे और बगहा पुलिस जिला में पार्टी संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए जिला स्तर पर नए रूप से जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है।जिसमे जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर भी प्रकोष्ठ का गठन करते हुए एनडीए सरकार एवं मुख्यमंत्री के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा।वहीं किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है,उसका निर्वहन में निष्ठा के साथ करूंगा।जिलाध्यक्ष बनने पर जदयू जिलाध्यक्ष सह एमएलसी भीष्म साहनी,दयाशंकर सिंह,विजय पांडेय,राकेश सिंह,जितेंद्र जायसवाल,विजयशंकर प्रसाद,ओमप्रकाश शाही सहित तमाम जदयू कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।

## 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में आई.सी.आई.सी.आई. फ़ाउंडेशन द्वारा 50 किलोवाट के सोलर उपकरणों का किया गया वितरण

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बुधवार को नन्दन सिंह मेहरा, कमांडेंट, 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया के नेतृत्व में रियर हैड क्वार्टर गोबर्धना में आई.सी.आई.सी.आई. फ़ाउंडेशन, पश्चिम चंपारण (बिहार) द्वारा 65 वाहिनी की पाँच सीमा चौकियों – परसा, त्रिवेणी, सोमेश्वर, हरानाला तथा हाथीनाला हेतु 50 किलोवाट के सोलर उपकरणों का वितरण किया गया । इन सोलर उपकरणों से पाँच सीमा चौकियों में से प्रत्येक सीमा चौकी में 10 किलोवाट के प्लांट स्थापित किए जाएंगे जिससे इन सीमा चौकियों में रहने वाले अधिकारी एवं जवान लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर आई.सी.आई.सी.आई फ़ाउंडेशन पश्चिम चंपारण से अमन पांडे डेवलोपमेंट ऑफिसर, दीपक कुमार कम्यूनिटी फैसीलिटेटर तथा 65 वाहिनी से आर. बी. सिंह उप कमांडेंट, निरीक्षक हराराम एवं अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

## दोन क्षेत्र के 21 वीं वाहिनी एसएसबी ने युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु शुरूकिया प्रशिक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बुधवार को 21वीं वाहिनी स.सी. ब. बगहा के अधीन सीमा चौकी कमारछीनवा के कार्य क्षेत्र नौरंगिया दोन में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम एवं नागरिक कल्याण कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र के गरीब बेरोजगार ज़रूरतमंद युवतियों को सिलाई प्रशिक्षण कोर्स एवं ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण का शुभारंभ अश्वनी कुमार,कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा किया गया। 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,बगहा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में गरीब,जरूरतमंद युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु तरह तरह के प्रशिक्षण कराए जा रहे है, इसी के अंतर्गत नौरंगिया दोन में 15 दिवसीय ब्यूटिशियन कोर्स कराए जा रहे है, जिसमे सीमावर्ती क्षेत्रों के 25 युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कराया जायेगा ,जिसमे नौरंगिया दोन,गर्दी, खैरानी, कमारछिनवा क्षेत्र के गरीब जरूरतमंद युवतियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। ये सभी प्रशिक्षण आज दिनांक 24/12/24 से प्रारंभ किए गए है, 21वीं वाहिनी एसएसबी का प्रशिक्षण कराने का मुख्य उद्देश्य ये है की सीमावर्ती क्षेत्रों के युवतियों एवं युवकों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। ब्यूटीशियन प्रशिक्षण स.रे.टा.इंस्टीट्यूट,बगहा के माध्यम से कराए जा रहे है , एवं मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण कुमार फाउंडेशन बगहा के माध्यम से करवाया जायेगा।प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा ,जिसे वे अपने भविष्य में उपयोग में ला सकेंगे।शिवेंद्र सिंह ,संचालक, स.रे.टा. फाउंडेशन,बगहा एवं कुमार फाउंडेशन के द्वारा इस प्रशिक्षण के बारे में तथा इससे भविष्य में प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। साथ ही साथ मानव चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर लगाकर स्थानीय लोगो को लाभ पहुंचाया गया।अश्वनी कुमार, कार्यवाहक कमांडेंट के द्वारा अभिभाषण के माध्यम से सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों तथा सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए इस प्रशिक्षण को कराने के उद्देश्य से अवगत कराया गया। मौके पर उपस्थित रहे प्रतिष्ठित स्थानीय नागरिक) गौरीशंकर प्रसाद (मुखिया)) शिवेंद्र सिंह (स.रे.टा. फाउंडेशन)) आकाश कुमार (कुमार फाउंडेशन)) डॉ सुधीर कुमार र.अ.ल्ट.ड. बगहा ,५) डॉ राकेश कुमार,पशुचिकित्सा , हरनाताड़ ५) मीडिया कर्मी।वही इस कार्यक्रम में उपस्थित सशस्त्र सीमा बल के अधिकारीगण मे ,) अश्वनी कुमार कार्यवाहक कमांडेंट, 21वीं वाहिनी५) डॉ. जिस्नू एम .५) निरीक्षक राजेंद्र कुमार ,सीमा चौकी प्रभारी, कमारछिनवा एवं वाहिनी के बलकर्मी ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अग्निकांड का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण पीड़ित परिवार को जल्द मिलेगा सरकारी सहायता



दीपक कुमार
बेनीबाद थाना अंतर्गत बठवाड़ा में हुए भीषण अग्निकांड का मंगलवार को ड्यूटी कलक्टर विजय कुमार ने निरीक्षण किया। पीड़ित 38 परिवार से मिलकर ड्यूटी कलक्टर ने हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होने कहा कि इस आपदा की घड़ी में हम लोग आपलोगों के साथ है। इस समय धैर्य से आप लोग काम करे। डिप्टी कलेक्टर ने सीओ शिवांगी पाठक को निर्देश देते हुए कहा कि इन लोगों के कम्युनिटी किचेन चलाया जा रहा है या नहीं। इसको लेकर उनसे पूछताछ कर कम्युनिटी किचेन का भी निरीक्षण किया। मौके पर राजद नेता अरविंद राय, युवा समाजसेवी सह राजद नेता राहुल कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख शिव शंकर राय, विजय राय, संतोष यादव, फेकन यादव, लड्डू यादव, कुंदन कुमार आदि थे।

### जरूरतमंदों के बीच बीडीओ ने बांटी सरकारी कंबल



मेसकौर( नवादा ): मेसकौर प्रखंड के सभागार मे मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार ने प्रखंड मुख्यालय में फुटपाथी लोगों, रिक्सा – ठेला चालकों, गरीबों, भिखारियों व असहाय लोगों को अपने हाथों सरकारी कंबल प्रदान किया।बीडीओ नीतीश कुमार ने बताया कि अभी 130 लोगों को कंबल दिया गया। ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन को और भी कंबल आवंटन के लिए लिखा जायेगा। अन्य गरीबों व असहाय लोगों को भी प्रशासन की ओर से कंबल दिए जाएंगे। इधर सराय भाजपा पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार ने स्थानीय प्रशासन से सराय पंचायत के सार्वजनिक स्थलों पर यथाशीघ्र अलाव की व्यवस्था करने की गुजारिश की है।

### 14.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो मोटरसाइकिल जब्त



मेसकौर ( नवादा ): सीतामढ़ी थाना क्षेत्र में नये साल को लेकर शराब तस्कर एक्टिव हो गये हैं और शराब की खेप मंगवाने में जुट गये हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस की टीम भी कार्रवाई की तैयारी में जुट गयी है। प्रखंड के सीतामढ़ी थाना के पुलिस ने सोमवार को करीब नौ बजे रात को गुप्त सूचना के आधार पर नदसेना गांव के समीप वाहन जांच कर रहे थे। उसी दरमियान दो मोटरसाइकिल से आ रहे दोनों युवक पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहा। हालांकि पुलिस बल ने मोटरसाइकिल चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित बैग में रखे 14.625 लिटर अंग्रेजी शराब भी बरामद किये। इसके बाद बरामद किए गए मोटरसाइकिल व शराब को थाने में रखा गया। इस संदर्भ में सीतामढ़ी थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताया कि जब्त किए गए दोनों मोटरसाइकिल अनुसंधान उपरांत पता चला कि चोरी का है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।

# अमित शाह का बाबा साहब आंबेडकर पर बयान भाजपा और संघ की सोची समझी रणनीति का हिस्सा : कांग्रेस

लोक तंत्र की आवाज

### अंबेडकर सम्मान जुलूस निकालकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांगा




**नवादा ।** नवादा शहर में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सम्मान जुलूस निकालकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांगा। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह के नेतृत्व में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान जुलूस पार्टी के जिला कार्यालय से होते हुए भगत सिंह चौक होते हुए नगर थाना धरनाप्रदर्शन स्थल तक पहुंचा। जहां से अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम को समाप्त किया गयाइसके बाद मीडिया से मुखबित जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि अमित शाह ने राज्यसभा में अंबेडकर का नाम कई बार लेकर उपहास के अंदाज में कहा कि अंबेडकर का नाम लेना इन दिनों फ़ैशन हो गया है। वे यहीं नहीं रुके, बल्कि कहा कि यदि इतनी बार अंबेडकर की जगह भगवान का नाम ये लोग लेंगे तो जीवन सुधर जाएगा।अमित शाह ने यह बयान अनायास या बिना सोचे समझे नहीं दिया है। यह वक्तव्य तो भाजपा/संघ की पूरी सोच एवं आइडियोलॉजी है। संघ या भाजपा को न तो संविधान में विश्वास रखता है और न बाबा साहेब के प्रति उसके मन में आदर भाव है। अंबेडकर के संघर्ष ने न सिर्फ दलितों वंचितों को उनका हक दिलाने में अहम भूमिका निभाई बल्कि उन्हें राजनीति की मुख्य धारा में ला दिया। यह बात न तो संघ को पचती है और न पूर्व के जनसंघ और वर्तमान की भाजपा को स्वीकार्य है. यही कारण है कि दलितों वंचितों को अपना अनुयायी बनाने के लिए धर्माधारित राजनीति को पिछले तीन दशक से आगे बढ़ाया जाता रहा है।

अब अंबेडकर के सामने भगवान को खड़ा कर अंबेडकर को समाप्त करने की कोशिश शुरू हो गई है। देश के चिंतनशील समाज तथा दलितों वंचितों को मोदी शाह की इस कोशिश को नाकाम करने के लिए संगठित होकर विरोध करना होगा।संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने अमित शाह के इस कृत्य का सामुहिक विरोध किया है। सम्मान जुलूस में सम्मिलित रहे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंगाली पासवान, जागेश्वर पासवान, अक्षय कुमार उर्फ गोरेलाल सिंह, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी, प्रोफेसर अंजनी कुमार पप्पू प्रदेश सचिव सेवा दल, एजाज अली मुन्ना, विनोद कुमार पप्पू ,गायत्री देवी , नीरज पासवान, मुकेश कुमार अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष , नवलेश कुमार पकरी वर्मा प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार ,सत्येंद्र कुमार वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष, रंजीत कुमार, अरुण कुमार, भूषण सिंह, मनोज यादव, रोशन कुमार, मिथिलेश कुमार, उमेश प्रसाद, सुबोध कुमार ,रजनीकांत दीक्षित, मनीष कुमार इंटक जिलाध्यक्ष नवादा, संजय कुमार, बबलू कुमार, इमरान फरहत , पिंटू सकलदेव सिंह प्रखंड अध्यक्ष काशीचक, प्रवीण कुमार, संजय प्रसाद, अरुण कुमार ,मोहम्मद इकबाल अहमद ,मोहन चौधरी ,ड्रोन प्रसाद नगर अध्यक्ष वारसलीगंज, राकेश कुमार सिमरी ,शैलेंद्र कुमार ,गणेश सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी फकरु अली अहमद, रामाशीष कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

## डीएम ने विभिन्न विकास कार्यों और निर्माण कार्यों का अवलोकन किया



लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर।** के जगदीशपुर प्रखंड में डीएम तनय सुल्तानिया ने ककीला गांव स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज और हरिगांव गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के तहत क्लस्टर योजना के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर पुलिस कप्तान श्री राज मौजूद थे। डीएम ने दोनों स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों और निर्माण कार्यों को 10 दिन के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने खेल मैदान, हाई स्कूल, अस्पताल, पंचायत सरकार भवन में संबंधित विभागीय अधिकारियों के नाम और संबंधित योजनाओं का डिजिटल नेम प्लेट लगाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान, पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे ने चल रहे निर्माण कार्य को डीएम से साझा किया और डीएम ने विभिन्न कार्य कराने का निर्देश भी दिया।इस मौके पर भोजपुर सिविल सर्जन, आरा सदर अस्पताल के मैनेजर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुदर्शन कुमार, सीओ विश्वजीत नीलांकर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजेश प्रसाद और कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## नरहट पुलिस ने वाहन जांच में 63 हजार 500 रुपए वसूला जुर्माना



लोक तंत्र की आवाज

**नरहट (नवादा)।** मंगलावर को नरहट थानाध्यक्ष ने नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र के गोवसा मोड़ के समीप चलाये गए वाहन जांच अभियान में दर्जनों दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान डिफॉल्टर वाहनों से जुर्माना वसूला गया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि वाहन जांच के दौरान हेल्मेट, वाहनों के कागजात आदि की जांच की गई। जांच के दौरान बिना हेल्मेट और कागजात की कमी वाले दो पहिया और चार पहिया वाले वाहनों से जुर्माना वसूला गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि डिफॉल्टर विभिन्न वाहनों के चालकों से कुल 63 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। इस सघन वाहन जांच अभियान में थाना के कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान से बिना कागजात वाले वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया है।

## खेल मैदान के पक्कीकरण के विरोध में उतरे ग्रामीण, कार्य को रोका डीसीएलआर के आश्वासन के बाद मामला हुआ शांत, डीएम ने मध्यस्थता कर निकाल निराकरण

लोक तंत्र की आवाज



**सुपौल ।** सदर प्रखंड के सुखपुर पंचायत स्थित सुखपुर हाई स्कूल में निर्माणाधीन खेल मैदान के पक्कीकरण कार्य का पिछले दो दिनों से चल रहे विरोध के बाद मंगलवार को ग्रामीण स्कूल के मैदान पर एकत्रित होकर मैदान निर्माण कार्य को रोक दिया। साथ ही निर्माण कार्य बंद करने को प्रदर्शन पर उतर गए।दरअसल यह विरोध सुखपुर मैदान में सबसे अधिक आयोजित होने वाले क्रिकेट का खेल बंद होने की आशंका को लेकर था। ग्रामीणों का कहना था कि यह पंचायत का सबसे बड़ा खेल मैदान है, सबसे अधिक यहां क्रिकेट मैच आयोजित होते है।मैदान के पक्कीकरण होने के बाद क्रिकेट का मैच यहां आयोजित नहीं हो पाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा मनरेगा योजना के तहत 9 लाख 80 हजार के लागत से सुखपुर हाई स्कूल मैदान पर वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और बैडमिंटन सहित अन्य खेलों को लेकर खेल मैदान का पक्कीकरण करवाया जा रहा है। ग्रामीणों के विरोध एवं हो–हंगामा को शांत करने के उद्देश्य से डीसीएलआर अली इकराम दलबल के साथ मैदान पर पहुंचे। जहां पहुंच कर उन्होंने ग्रामीणों की मांग को सुना और समस्या के निदान के लिए पांच सदस्य टीम को डीएम से मिलकर हल निकलने की सलाह दी। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। गौरतलब है कि बिहार सरकार द्वारा सभी पंचायत में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है,इसी करीब में सदर प्रखंड के सुखपुर में भी इस योजना के तहत कार्य शुरू किया गया था। लेकिन ग्रामीणों के पुरजोर विरोध के बाद फिलहाल काम को ठप कर दिया गया है। वहीं देर शाम मामले को लेकर डीएम से मिलने ग्रामीण गोपाल सिंह, मुन्ना झा, मिंटू सिंह, गिरधारी पांडे, राहुल कुमार पहुंचे। मीटिंग के पश्चात ग्रामीण 05 सदस्यीय टीम के सदस्य गोपाल सिंह ने बताया कि डीएम द्वारा आश्वासन दिया गया कि मैदान को खराब नहीं किया जाएगा। बॉस्केट बॉल खेल मैदान को नहीं बनाने पर सहमति दी। साथ ही क्रिकेट के मैदान को ध्यान में रखते हुए मैदान के एक भाग में बैडमिंटन,बॉलीबॉल, हाई जंप, लांग जंप व रनिंग ट्रैक बनाने को लेकर सहमति बनी।

## शेखपुरा:विहार प्रारंभिक शिक्षक संघ का स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन ।शिक्षकों की अच्छी रही भागीदारी

लोकतंत्र की आवाज



में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा संघ का 19वां स्थापना दिवस संघर्ष दिवस के रूप में संस्कार पब्लिक स्कूल के निकट एक निजी सभागार में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया।जबकि मंच का संचालन जिलामहासचिवआमोद प्रियदर्शीने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ की गई कार्यक्रम की अध्यक्षीय संबोधन में राजेन्द्र यादव ने कहा कि संघ के संघर्ष के 19 वर्ष हमलोगों के लिए संकल्प से कम नहीं था।आज शिक्षक जिस भी मुकाम पर पहुंचे हैं वह संघ के संघर्ष एवं बलिदान का देन है। संघ के प्रधान सचिव आमोद प्रियदर्शी ने कहा शिक्षक आज शिक्षामित्र से राज्यकर्मी बनने तक के सफर तय करने में संघ की अहम भूमिका रही है बगैर संघ केआंदोलन के आज तक नियोजित शिक्षक को कुछ नहीं मिला पुनः जरूरत है आज संघर्ष दिवस पर संकल्प लेते हुए अपने शक्ति का एहसास सरकार को कराएं ! कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिलाउपाध्यक्ष ललन जी,जिलासचिव मुकेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी,सदर प्रखंड अध्यक्ष सूर्यनारायन चौधरी,उपाध्यक्ष शिवदानी प्रसाद सचिव राजेश कुमार,कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार बरबीघा प्रखंडध्यक्ष अजीत कुमार,राज्यकारिणी सदस्य परिमल कुमार,कैलाश चौधरी,अरियरि प्रखंडध्यक्ष देवेन्द्र जी घाटकुसुम्भा प्रखंडध्यक्ष उदय शंकर जी,शिक्षक आमर्त्यसेन,जयभारती गहलौत,संजय कुमार,जय प्रकाश अनिरुध प्रसाद अनिता कुमारी,अरविन्द कुमार समेत दर्जनों शिक्षक ने भी संबोधित किया।

## पीरपैंती : प्रशाशन को बुलडोजर चला ,अतिक्रमण मुक्त हुई सड़क

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**



**पीरपैंती।** बाराहाट बाजार में अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे से एन एच 133 को कराया गया अतिक्रमण मुक्त।अतिक्रमण कारी के द्वारा सड़क के किनारे अतिक्रमण करके 20 से 25 घर बना लिया गया था। प्रशासन के द्वारा बार–बार अनुरोध करने के बाद अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमित स्थल को खाली नहीं किया। जिस कारण सड़क निर्माण में बाधा हो रही थी। आवा जाहि बाधित हो रही थी ।हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी ।जिस कारण अंचल अमीन और अनुमंडल अमीन के नेतृत्व में मापी की गई । एन एच 133 के ठेकेदार के द्वारा अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अतिक्रमण मुक्त कराने का आग्रह किया गया था। अतिक्रमण कारी गृह स्वामी को बार–बार सूचना देने के बाद भी अतिक्रमण मुक्त नहीं किया। जिससे प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ अंतिम कदम उठाना पड़ा। आज मंगलवार को सुबह में सूचना दी गई। कुछ देर में अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इस घोषणा से कुछ लोगों ने अपना सामान खुद हटाना शुरू कर दिया। कुछ अतिक्रमणकारियों ने ध्यान नहीं दिया ।आज मंगलवार को सभी वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण मुक्त कराया गया ।जहां मौके पर मौजूद अंचल अधिकारी सह राजस्व अधिकारी मनोहर कुमार, पुलिस निरीक्षक हरिशंकर कुमार, पुलिस निरीक्षक भारत महतो, चौकीदार और ब्रज वाहन सहित अतिक्रमणकारियों के अतिक्रमण स्थान पर बुलडोजर चला करके प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया।

## अग्नि पीड़ित परिवार के 38 लोगों के बीच बांटी गई राहत सामग्री और कंबल

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**



**गायघाट ।** बेनीबाद थाने के बठवाड़ा गांव में लगी भीषण आग में लगभग दर्जनों लोगों का घर जलकर खाक हो गया था। अगलगी की घटना में अग्नि पीड़ित परिवार को लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। घटना के बाद डिप्टी कलेक्टर विजय कुमार और सीओ शिवांगी पाठक ने घटना स्थल का दौरा किया। पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं मंगलवार को राजद आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव आदर्श कुमार सिंह उर्फ राजा के नेतृत्व में लोग आर्थिक मदद को पहुंचे। आदर्श कुमार उर्फ़ राजा ने पीड़ित परिवार को चावल, दाल, आलू, तेल, साड़ी, धोती, साबुन, सर्फ सहित ठंड से बचाव के लिए कंबल देते हुए मदद की। सीओ शिवांगी पाठक ने बताया कि 38 अग्नि पीड़ित के बीच धूप से बचाव के लिए तिरपाल का वितरण किया। सीओ ने बताया कि जल्द ही सभी अग्नि पीड़ितों के बीच आपधा प्रबंधन के तरफ से चेक दिया जाएगा। पीड़ित राजेश कुमार राय, मुकेश कुमार राय, राम सुंदर यादव, लड्डू यादव सहित बीस घरों के 38 लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया।

## शेखपुरा में धान अधिप्राप्ति को लेकर डीएम सख्त,59 प्रतिशत किसान को किया गया भुगतान

लोकतंत्र की आवाज



**शेखपुरा।** में धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया में लगातार सुधार हो रहा है, जिससे किसानों को बेहतर लाभ मिल रहा है। वर्तमान में 69 प्रतिशत किसानों को उनके धान की बिक्री के बदले राशि का भुगतान किया जा चुका है। जिला प्रशासन की ओर से धान अधिप्राप्ति कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी श्री आरिफ अहसन इस प्रक्रिया की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान शीघ्र हो सके और किसानों को समय पर उनकी राशि मिल सके।डीएम के निर्देशों पर जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री मो. खिलाफत अंसारी पैक्स ( प्रधान सहकारी समितियों ) का निरीक्षण कर रहे हैं। वे लगातार पैक्स के कार्यों का जायजा लेकर धान बिक्री में गति लाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पैक्स द्वारा धान की खरीद प्रक्रिया को और अधिक सुगम और प्रभावी बनाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही, किसानों को उनके उत्पाद के उचित मूल्य और समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है।इस सुधारात्मक पहल के तहत, प्रशासन द्वारा किसानों को धान बिक्री में कोई भी दिक्कत न हो, इसके लिए अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर धान खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है, और वहां की सुविधाओं में सुधार किया गया है ताकि किसानों को लंबी कतारों और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़े।यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शेखपुरा के किसान जल्द से जल्द अपनी उपज को सही मूल्य पर बेच सकें और उन्हें उनकी मेहनत का उचित फल मिले। जिलाधिकारी और सहकारिता विभाग की यह पहल शेखपुरा में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# नवादा में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, मारपीट के दौरान एक वृद्ध की घटनास्थल पर हुई मौत

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा** । जिले में पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गया ,इस घटना में हुए मारपीट के दौरान एक वृद्ध की घटनास्थल परहीं मौत हो गया। मारपीट और हत्या की घटना की भनक लगते हीं जिला प्रशासन अलर्ट हो गयी और घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। चूंकि यह घटना दो समुदाय के लोगों के बीच थी ,तो जिला प्रशासन एक्शन में आयी और घटना स्थल पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती कर मामला शांत कराने के प्रयास में जुट गए हैं। हालांकि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। घटनास्थल पर जिले के तमाम वरीय पुलिस पदाधिकारी पहुंच गए हैं।

यह घटना नवादा जिले के कौआकोल थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसाड़ी में हुआ है ,जहां बताया गया कि पंचायत सरकार भवन बनाने हेतु वर्तमान मुखिया सूरज पासवान एवं उप मुखिया अरविन्द कुमार दोनों के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमाटाड़ के परिसर में निर्माण हेतु प्रस्ताव दिया गया था, जिसका विरोध गौतम कुमार, पृथ्वी कुमार दोनों पिता नरेश यादव एवं अन्य ग्रामिणों के द्वारा किया जा रहा था। इसी बात को लेकर 22 दिसंबर को गौतम कुमार एवं उनके सहयोगियों के द्वारा उप मुखिया अरविन्द कुमार के साथ बात – विवाद और झगड़ा झंझट हुआ था।

**क्यों हुआ यह हिंसक झड़प :** 23 दिसंबर को दिन में उप मुखिया अरविन्द कुमार के साथ वार्ड न. 08 के सदस्य

## नवादा में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प , मारपीट में एक वृद्ध की घटनास्थल पर हुई मौत



आबिद हुसैन पिता स्व० यासिन सा० करमाटाड़ थाना कौआकोल जिला नवादा मोटरसाईकिल पर बैठकर कहीं गया था, तो गौतम कुमार एवं उनके सहयोगियों को लगा कि कल जो झगड़ा–झंझट हुआ था उसी में मो० आबिद हुसैन गवाही देने के लिये थाना पर गया था। इसी बात को लेकर 23 दिसंबर को समय 07:30 बजे अप० में गौतम यादव अपने सहयोगियों के साथ आबिद के दुकान व घर के पास जाकर आबिद के साथ मारपीट करने लगा। जब उन्हें बचाने के लिये अखलाक उम्र करीब 30 वर्ष पिता मोइउद्दीन, रैयाज उम्र करीब 30 वर्ष पिता अब्दूल रउफ, मो० सज्जाद उम्र करीब 70 वर्ष पिता स्व० अनवर मियाँ छुड़ाने के लिये गये तो उनलोगों के साथ भी गौतम एवं उनके सहयोगियों द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। जख्मी होने के कारण मो सज्जाद उम्र करीब 70 वर्ष की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी एवं अन्य जख्मी अस्पताल में ईलाजरत है। दो पक्षो के बीच हुए मारपीट की घटना से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है।

नवादा एसपी अभिनव धीमान द्वारा दो पक्षो के बीच हुए मारपीट से उत्पन्न विवाद पर नियंत्रण करने एवं विधि–व्यवस्था एवं शांति सुव्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल/लाठी बल की पालीवार प्रतिनियुक्ति महेश चौधरी अनुमंडल पुलिस पदाधकारी पकरीबरावां को सौंपा है।

डीएसपी महेश चौधरी ने कहा प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी/सशस्त्र बल/पुलिस बल एवं अन्य पुलिस बल निर्धारित रोस्टर के अनुसार अनुसार 24 दिसंबर के पूर्वाह्न तक प्रतिनियुक्ति स्थान पर तैनात किए गए हैं और अगले आदेश तक आदेश तक बने रहेगें। शांति बनाये रखने की पूरी जिम्मेवारी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पर ही होगी। साथ हीं आदेश दिया गया कि दो पक्षीय विवाद से हुये विधि व्यवस्था समस्या से निपटने हेतु यदि पुलिस बल का प्रयोग करना पड़े तो अपने विवेकानुसार निर्णय लेना सुनिश्चित करेंगे एवं इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को अवश्य देंगे।

एसपी अभिनव धीमान ने लेटर जारी करते हुए कहा प्रतिनियुक्त पुलिस



पदाधिकारी/पुलिस कर्मी अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर पहुँचते ही वहाँ की स्थिति की पूरी छानबीन कर स्थिति से अपने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अवगत करायेंगे। विधि–व्यवस्था की सफलता बहुत कुछ आसूचना संग्रहण पर निर्भर करेगी।

**शोशल मीडिया में न फैले अफवाहः** इसके लिए जिला प्रसाशन अलर्टः एसपी ने कहा विधि–व्यवस्था बनाये रखने की सफलता बहुत हद तक पूर्व आसूचना संग्रहण पर निर्भर करती है। अतः उचित समय पर आसूचना एकत्रित करने की आवश्यकता है। किसी भी परिस्थिति में यदि कहीं पर शान्ति एवं सुव्यवस्था में खतरा होने की संभावना हो तो संबंधित पदाधिकारी इसकी सूचना तुरंत अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन को देंगे ताकि समय पर उन्हें वहाँ आवश्यक सहायता पहुंचायी जा सके एवं उचित निर्देश दिया जा सके। सोशल मीडिया पर किसी सम्प्रदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा दूसरे सम्प्रदाय विशेष की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला संवाद/चित्र/वीडियों पोस्ट कर दिये जाने के कारण साम्प्रदायिक तनाव तथा गंभीर विधि–व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की प्रबल संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रभारी सोशल मीडिया कोषांग ऐसे सभी पोस्टों एवं अन्य विधि व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सभी पोस्टों पर कड़ी निगरानी रखेंगे एवं इस प्रकार के अफवाहों का त्वरित खंडन करना सुनिश्चित करेंगे। साम्प्रदायिक अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरूद्ध दण्ड देने का समूचित प्रावधान है, जो संज्ञेय एवं अजमानतीय है/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकरीबरावां यह सुनिश्चित करेंगे कि सोशल मीडिया के माध्यम से असमाजिक तत्व सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश न करें। इस संदर्भ में शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**इन जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं बल की तैनाती :** इस हिंसक घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट है और घटनास्थल पर कैंप कर रही है। एसपी द्वारा चार जगहों पर पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गयी है। जिसमें चार जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं बल तैनात किए गए हैं। बारी –बारी से मस्जिद के सामने रोड पर एसआई मोहम्मद सरफराज आलम ,सरयुग रजक के परती जमीन पे पुअनि अंजनी कुमार ,धनेश्वर यादव के घर के सामने पीटीसी धनंजय कुमार ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय जाने वाले रोड पर पीटीसी राजकुमार को पुलिस बल के साथ तैनाती किया गया है। इस प्रकरण में पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लिया है। बहरहाल स्थिति तनावपूर्ण है ,पर पुलिस पदाधिकारी नियंत्रण करने में लगे हैं ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एसएसपी आशीष भारती ने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ दीपशिखा काव्य को किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज़

गया। पुलिस लाइन में पुलिस अस्पताल के उद्घाटन के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने नगर पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार, अपर पुलिस उपाध्यक्ष ( नगर) पारसनाथ साहू समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ दीपशिखा काव्या को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ दीपशिखा काव्या ने बताया कि आईएमए के सहयोग से पुलिस लाइन में मेडिकल से उपलब्ध कराने के लिए हॉस्पिटल का निर्माण कराया गया है, जिससे पुलिसकर्मियों को काफी लाभ पहुंचेगा। पुलिसकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श और चिकित्सा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गया पुलिस का कार्य प्रशंसा नहीं है जो पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य हितों का भी ध्यान रखती है। आईएमए के सहयोग से नवनिर्मित पुलिस अस्पताल आने वाले समय में काफी विकसित होगा। अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा इलाज की सुविधा मिलेगी।

### खानपुर थाना का डीएसपी ने किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आबाज

दिलीपकुमार ठाकुर

खानपुर/समस्तीपुर। विती संध्या सोमबार को सदर डीएसपी बिजय कुमार महतो द्वारा खानपुर थाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सहित थाना के सभी पदाधिकारी कर्मी चौकीदार उपस्थ रहे।वही डीएसपी द्वारा फाइलो का अवलोकन किया गया। उन्होंने संचिका, पंजी को अधतन करने का दिशा निर्देश दिया।

### शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण सुधार हेतु शैक्षणिक संस्थानों में आईक्यूएसी का गठन अनिवार्यः ई जेपी सिंह



लोकतंत्र की आवाज

एकमा ( सारण)। मंगलवार को रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के प्रांगण में आईक्यूएसी का गठन एवं मैरी क्रिसमस को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव ई जयप्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण सुधार हेतु शैक्षणिक संस्थानों में आईक्यूएसी का गठन अनिवार्य है। उन्होंने मैरी क्रिसमस व नये वर्ष कि शुभकामनाएं प्रशिक्षुओं को देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं बेहतर शिक्षा की कामना की। प्राचार्य डॉ सत्यप्रकाश दास ने प्राध्यापक आनंद कुमार त्रिपाठी को बीएड संकाय का आईक्यूएसी इंचार्ज की घोषणा की। जिसके उपलक्ष्य पर सभी विद्वान प्राध्यापक गण, बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### शिक्षिका प्रेमलता की लंबी बीमारी के कारण हुई मृत्यु



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। नवगछिया पुलिस जिला राजद अध्यक्ष अलख निरंजन पासवान की बहन 54 वर्षीय प्राथमिक मध्य विद्यालय हरिजन टोला वित्रमपुर की पदभार शिक्षा प्रेमलता की लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया। मंगलवार को अंतिम दर्शन के लिए काफी संख्या में ग्रामीण व समाजसेवी पहुंचे थे। शिक्षिका प्रेमलता को श्रद्धांजलि देने के लिए राजत नेता अवनीश कुमार, जिला परिषद सदस्य मोईन राईन , नवगछिया पुलिस जिला युवा राजद अध्यक्ष अमन आनंद,राजद जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव,प्रखंड अध्यक्ष किशोर यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा सचिव मोहम्मद फिरोज आलम, अन्य शुभचिंतक लोग उनकी आवाज पर पहुंचे। शिक्षिका प्रेमलता के पति कैलाश भारती एक मजदूर है। प्रेमलता ने अपने पीछे तीन पुत्री व दो पुत्र को छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कहा।

### अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के नवगछिया पुलिस जिला अध्यक्ष मिथिलेश सिंह कुशवाहा निशिकांत जी से मिले



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। कोसी कॉलेज खगड़िया में मंगलवार को जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के नवगछिया पुलिस जिला अध्यक्ष मिथिलेश सिंह कुशवाहा निशिकांत जी से मिले। वही मंच पर उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा से मिलकर नवगछिया अनुमंडल आने का आगराह किया गया। वही सभी ने आश्वासन दिया कि जल्द नवगछिया आएंगे और जन आशीर्वाद यात्रा भी करेंगे।

## विधायक आक्या ने श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा का लाभ लिया

लोक तंत्र की आवाज

**ओम जैन**

**(राजस्थान) शंभूपुरा।** चित्तौडगढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने मंगलवार को विधानसभा क्षैत्र के ग्राम रेबारियो की ढाणी में पुष्कर धाम के संत राजाराम जी महाराज के सानिध्य में 20 दिसम्बर से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा का लाभ लिया। इस दौरान विधायक आक्या ने संत राजाराम महाराज सहित कथा में उपस्थित बड़े बुजुर्गो का आर्शीवाद लेते हुए विधानसभा क्षैत्रवासियो की खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व विधायक आक्या का



कथा स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणो द्वारा उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अर्जुनलाल रायका, पूर्व सरपंच अशोक रायका, लिटिल प्रकाश भट्ट, हीरालाल रायका, शोकिन मेनारिया, उंकारलाल रायका, बृजलाल रायका, मिठुलाल रेबारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शिक्षिका ने 40 बच्चों को ऊनी स्वेटर भेटकर मनाया पौत्र का जन्मदिन

लोक तंत्र कीआवाज

**ओम जैन**

**(राजस्थान)शंभूपुरा।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय घटियावली की शिक्षिका नीलम वर्मा ने अपने पौत्र का जन्मदिन 40 बच्चों को ऊनी स्वेटर भेटकर मनाया। विद्यालय विकास प्रभारी गणपत आमेरिया ने बताया कि शिक्षिका नीलम वर्मा ने अपने पौत्र के जन्मदिन पर जरूरतमंद 40 बच्चों को ऊनी स्वेटर भेंटकर जन्मदिन मनाया।

संस्था प्रधान कैलाश चंद्र खटीक ने इस पुनित कार्य पर शिक्षिका नीलम वर्मा का मेवाड़ी पगडी और उपरना पहनाकर अभिनंदन करते हुए इस अनुठे अंदाज में



पौत्र के जन्मदिन मनाने पर कहा कि इस कार्य से अन्य लोग भी प्रेरित हो सकेंगे। इस दौरान घटियावली ग्राम के उपसरपंच ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी सहित विधालय स्टाफ के हेमलता वैष्णव, शांता राजपूत, अमरनिवास मीणा, मंजू मूंदड़ा, आराधना ऋंगी,प्रीतम मीणा, बसंती लाल रेगर, पूजा धाकड़, अंजलि गुप्ता उपस्थित थे।

## सेवा और समर्पण के साथ मनाया जाएगा सचिव विकास कुमार माली का जन्मोत्सव

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने अपने जन्मदिवस को समाजसेवा का प्रतीक बनाते हुए इसे खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की ओर से कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आम लोगों और जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया जाएगा फल वितरण,इस कार्यक्रम की शुरुआत सदर अस्पताल से होगी, जहां भर्ती मरीजों के बीच फल, ब्रेड और दूध का वितरण किया गया है।

सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि मरीजों की सेवा करना और उनकी जरूरतों का ख्याल रखना सबसे बड़ा धर्म है। विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन इसके बाद संस्था के कार्यालय में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में सचिव विकास कुमार माली और संस्था के अन्य सदस्यों के द्वारा 101 यूनिट रक्तदान किया है। इस पहल ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को मदद पहुंचाने का संदेश दिया है।

**संस्था का उद्देश्य और सचिव का संदेश :** विकास कुमार माली ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि संस्था गरीब परिवार की बेटियों की शादी करवाने, दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ काम करती है।उन्होंने आगे कहा, ₹मैं अपने जन्मदिवस पर हमेशा समाजसेवा के कार्य करता हूं। इससे मुझे गर्व और



आत्मसंतुष्टि मिलती है। अन्य लोग भी अपने जन्मदिवस और खास मौकों को समाज की सेवा के लिए समर्पित करें। इससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलेगी।

**लोगों ने किया कार्यक्रम की सराहना :** इस कार्यक्रम में शामिल लोगों और संस्था के सदस्यों ने विकास कुमार माली की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में एक मिसाल कायम करता है।

**संस्था के सामाजिक कार्यों की चर्चा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने पहले भी कई जरूरतमंद परिवारों की मदद की है और समाज में बदलाव लाने की दिशा में काम किया है। संस्था द्वारा किए गए कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों में काफी प्रशंसा है।

## रेलवे ट्रैक के निकट मिली दवा दुकानदार की लाश, जांच में जुटी दरभंगा पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

**मुरारी झा**

**दरभंगा।** दवा दुकान बंद कर घर लौट रहे एक व्यवसायी की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक के निकट फेंकने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार की रात मनीगाछी थाना क्षेत्र के कनोखर रेलवे गुमटी के निकट हुई है। मृतक नारायणपुर गांव निवासी महेश प्रसाद साहु का पुत्र मनोज कुमार साहु ( 35 ) बताया जाता है। परिजन दो पड़ोसी पर जमीन विवाद में हत्या करने की आशंका जता रहे हैं।

पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे मृतक के पिता ने बताया कि मनोज करीब दो साल से नेहरा थाना क्षेत्र के राघोपुर दक्षिणी पंचायत के गैना गाँव में दवा दुकान करते थे और साथ में ग्रामीण चिकित्सक के रूप में काम भी करते



थे। प्रतिदिन रात 8 बजे दुकान बंद करके घर आ जाते थे। रात जब 9.28 बजे तक घर नहीं पहुंचे तो मोबाइल पर फोन किए। लगातार फोन करने के बाद जब फोन नहीं उठाए तो अंदेशा हो गया। उसके बाद मकान मालिक को फोन किए तो बताया कि 8.30 बजे ही दुकान बंद कर घर चले गए हैं। इसी बीच पता चला कि उनके पुत्र की रॉड से मारकर किसी ने हत्या कर दी है। पुलिस स्वजन के बयान पर मामला दर्जकर कार्रवाई में जुटी हैं। इस बाबत पूछे जाने पर मनिगाछी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मौके से एक सॉकर वाला रॉड भी बरामद किया गया है। मौके पर एफएसएल और टेक्निकल टीम भी पहुंच रही है।

## सीएम नीतीश ने दी 201 करोड़ की सौगात,जीविका दीदियों से किया संवाद

**प्रगति यात्रा**

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पहले चरण की प्रगति यात्रा के तहत मंगलवार को पूर्वी चंपारण जिले का दौरा किया।इस यात्रा की शुरुआत केसरिया प्रखंड के सुंदरापुर गांव से हुई, जहां उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से केसरिया पहुंचने के बाद सुंदरापुर प्लस टू स्कूल परिसर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नए भवन, स्मार्ट क्लास और जल जीवन हरियाली योजना के तहत बने तालाब का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान का भी मुआयना किया और बच्चों के साथ संवाद किया। इसके बाद सीएम ने जल जीवन हरियाली योजना के तालाब में



मछलियां छोड़ी। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से भी बातचीत की और विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा सहित 14 विभागों के स्टॉल लगे थे। केसरिया के बाद, मुख्यमंत्री सुगौली प्रखंड के सुगांव पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत सरकार भवन,जीविका भवन, लोक सूचना का अधिकार कार्यालय भवन, जल जीवन हरियाली योजना के तहत बने तालाब और पार्क समेत कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान, सीएम ने पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया और जीविका भवन में दीदियों द्वारा गाए गए गीतों के साथ उनका स्वागत हुआ।

मुख्यमंत्री ने मोतिहारी पहुंचने के बाद धनौती नदी पर प्रस्तावित पुल का शिलान्यास किया और कचहरी चौक पर नवनिर्मित ओवलब्रिज का उद्घाटन किया। इसके बाद, समाहरणालय स्थित राधाकृष्णन सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ जिला के विकास कार्यों की समीक्षा की. इस बैठक में नई योजनाओं की घोषणा

- इस कार्यक्रम में आएं सैकड़ों महिलाएं एवं गरीब किसान मजदूर, टुकटुकी लगाएं बैठे ही रह गए,नहीं सुना की फ़रियाद

की गई और मुख्यमंत्री ने जिले के लिए 201.12 करोड़ रुपये की योजनाओं की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुल 62 पूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया, जिनकी लागत 114.82 करोड़ रुपये थी, और 42 योजनाओं का शिलान्यास किया, जिनकी लागत 86.30 करोड़ रुपये थी. इसके अलावा, गन्ना उद्योग, पथ निर्माण, पर्यटन, जल संसाधन, शिक्षा और मंत्रीमंडल सचिवालय विभाग द्वारा कई नई योजनाओं की घोषणा की गयी। मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान मंत्री विजय चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।